तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 15 सितंबर 2025



10 सभी मदिरा दुकान के कर्मचारियों को निर्धारित यूनिफार्म व आईडी नियमित रूप से कराएं धारण



**सेहत से खिलवाड़** डब्लूएचओ और सीपीएचईईओ की गाइडलाइन दरकिनार इधर ऑटोमेटिक क्लोरीनेशन प्लांट सालों से बंद

# नहीं हो रहा नियमित जार टेस्ट, पानी को साफ करने मनमाने ढंग से डाला जा रहा ब्लीचिंग पाउडर और एलम, बढ़ रही पेटदर्द और फेफड़ों की बीमारी

अतुल अग्रवाल ⏭ दुर्ग

दुर्ग निगम में करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से तैयार 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट का ऑटोमेटिक क्लोरीनेशन सिस्टम पिछले करीब 6 सालों से बंद है। इसके सुधार को लेकर अधिकारी गंभीर नहीं हैं। इसके कारण रॉ वॉटर के ट्रीटमेंट के लिए ब्लीचिंग पाउडर और एलम का मनमाने ढंग से उपयोग किया जा रहा है। विशेषज्ञों की मानें तो लैब में जार टेस्ट के आधार पर ही पानी में दोनों मात्रा डाली जानी चाहिए। यदि ऐसा नहीं किया गया तो पानी में क्लोरीन की मात्रा बढ़ जाएगी, इससे लोगों में पेट दर्द या फेफड़ों से जुड़ी बीमारी बढ़ सकती है। चिकित्सकों ने इसकी पुष्टि की है कि लोगों में ऐसी समस्या देखी जा रही है। 16 जनवरी 2019 को क्लोरीन गैस के रिसाव के बाद से यह प्लांट बंद है। इसके बाद से आधे शहर को ब्लीचिंग पाउडर के जरिए क्लोरीन निकालकर इसे पानी में मिलाया जा रहा है। शहर की करीब 10 पानी टंकियों के जरिए डेढ़ लाख की आबादी तक यह पानी पहुंच रहा है। जबकि डब्लूएचओ और सीपीएचईईओ (सेंट्रल पब्लिक हेल्थ इन्वायरमेंटल आर्गेनाइजेशन) ने स्पष्ट किया है कि ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग न किया जाए। फिल्टर प्लांट में ऑटोमेटिक क्लोरीनेशन सिस्टम के लिए लिक्विड फार्मेट में पानी में प्री और पोस्ट तरीके से डोजिंग की जाए।

## 21 पानी टंकियों से शहर के 40 हजार घरों की 3 लाख आबादी तक पहुंच रहा पानी



### 25 किलो ब्लीचिंग से 35% क्लोरीन मिला रहा

ब्लीचिंग पाउडर के 25 किलो के बैग से करीब 35 प्रतिशत क्लोरीन की मात्रा मिलती है। इसके अलावा चूना या एलम का उपयोग किया जा रहा। इसके जरिए पानी को शुद्ध किया जा रहा। नियमतः 0.1 पीपीएम मात्रा पीने के पानी क्लोरीन की आवश्यक होती है। इसके लिए फिल्ट्रेशन करते हैं। 15 दिन पहले ही जलकार्य विभाग ने 14 रुपए प्रति किलो के हिसाब से करीब 20 टन एलम खरीदने का टेंडर किया है।

### गैस रिसाव के बाद से प्लांट बंद, जार टेस्ट नहीं

वर्ष 2016 में जब इस प्लांट को शुरू किया तो अपने तरह का सबसे बेहतर फिल्टर प्लांट रहा। 87 करोड़ रुपए इसके लिए स्वीकृत किए गए थे। बाद में 10 करोड़ रुपए की अतिरिक्त स्वीकृति ली गई। 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट में 16 जनवरी 2019 को क्लोरीन गैस का रिसाव हुआ। इसका असर यह हुआ कि 4 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी बीमार हुए। जान का खतरा पैदा हो गया। इसके बाद से यह क्लोरीनेशन सिस्टम बंद है। 4 बार इसके मेंटेनेंस के लिए कोटेशन बुलाए जा चुके हैं, लेकिन स्वीकृति नहीं दी गई। वर्तमान में जिसे तरह पानी शुद्ध किया जा रहा है उसके लिए जार टेस्ट जरूरी है, लेकिन निगम के पास टेक्नीशियन ही नहीं है।

### पूरे शहर में पुरानी पद्धति से किया जा रहा पानी का ट्रीटमेंट

निगम क्षेत्र में इस समय 21 पानी की टंकियां है, जिसके जरिए करीब 40 हजार घरों तक पानी पहुंच रहा है। करीब 3 लाख आबादी को पेयजल आपूर्ति की जा रही है। 24 एमएलडी से शंकरनगर, शक्तिनगर, हनुमान नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, गिरधारी नगर, शनिचरी बाजार, पद्मनाभपुर बड़ी टंकी, पद्मनाभपुर पंप हाउस -5 और पंप हाउस 10 में आपूर्ति की जा रही है। सभी जगह पानी का ट्रीटमेंट पुरानी पद्धति से हो रहा है।

### अधिक क्लोरीन हानिकारक

क्लोरीन की ज्यादा मात्रा सेहत के लिए हानिकारक हो सकती है। पेट और फेफड़ों से जुड़ी बीमारियां घर सकती है। यदि बिना जांच के क्लोरीन मिलाया जा रहा है, तो यह गलत है।

- डॉ. अनिल अग्रवाल, सेवानिवृत्त चिकित्सक हेल्थ विभाग

### जार टेस्ट आवश्यक

किसी भी फिल्टर प्लांट में जार टेस्ट होना चाहिए, एक एक्सपर्ट होना चाहिए। उनकी निगरानी में पानी का ट्रीटमेंट होना चाहिए। जार टेस्ट में हम एलम, ब्लीचिंग पाउडर और पानी के मिश्रण की जांच करते हैं। उसे फ्रैक्चुएट करते हैं। मनमाने ढंगे से इसे मिलाना सही नहीं है। वैसे ही डब्लूएचओ ने गाइडलाइन जारी की है। इसके मुताबिक टोमेटिक तरीके से प्री और पोस्ट डोजिंग की जानी चाहिए।

- मुश्ताक अली, विशेषज्ञ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट

### हमारे पास टेक्नीशियन नहीं

हमारे पास एक्सपर्ट टेक्नीशियन नहीं है। सुधार को लेकर अधिकारियों से चर्चा कर शासन को अवगत कराया जाएगा। क्लोरीनेशन सिस्टम को अपडेट किया जाएगा। पानी को लेकर नियमित रूप से टेस्टिंग हो रही है। फिर भी यदि टेस्ट में लापरवाही सामने आती है तो कार्रवाई भी होगी।

- लीना दिनेश देवांगन, प्रभारी जलकार्य नगर निगम दुर्ग

## खबर संक्षेप

### बाइक छीनकर भागने वाला आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** बाइक छीनकर भागने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि रामनगर शासकीय स्कूल के पीछे वैशाली नगर निवासी सुनील यादव 28 अगस्त को अपनी मां के घर अर्जुन नगर से खाना खाकर बाइक सीजी-07 सी.टी 2584 से जा रहा था। रामनगर शुलभ के पास वो बाइक रोककर खड़ा था, इसी दौरान वहां अर्जुन नगर कैम्प-1 दक्षु बाड़ी निवासी प्रेम सिंह, मोहम्मद आलम पहुंचे। उन्होंने सुनील की बाइक की बाइक की चाबी छीनना शुरू कर दिया। सुनील ने उन्हें रोका तो उन्होंने उससे गाली गलौज कर मारपीट की और बाइक लेकर फरार हो गए। शिकायत के बाद पुलगांव पुलिस ने आरोपी प्रेम को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर उसने अपने साथी मोहम्मद आलम के साथ मिलकर अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी प्रेम को पकड़कर जेल भेज दिया गया है। वहीं मोहम्मद आलम की तलाश जारी है।

### तिजोरी से नकदी और चेक पार

**भिलाई।** दुकान का शटर तोड़कर तिजोरी से नगदी रकम और चेक पार करने का मामला सामने आया है। सुपेला पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुपेला पुलिस ने बताया कि कन्ट्रेक्टर कालोनी भिलाई निवासी रविन्द्र कुमार गुप्ता घर के बगल में बिल्डिंग मटेरियल की दुकान है। जिसका संचालन रविन्द्र स्वयं करता है। वह रोज की तरह दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। अगले दिन 13 सितंबर की सुबह जब दुकान आया तो देखा कि दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ है। आलमारी और आस पास का सामान बिखरा पड़ा हुआ है। उसने तुरंत दुकान के गल्ले की जांच की तो उसमें से रकम भी पार हो गई थी। तिजोरी में 6 हजार रुपए नग, 4 चेक समेत अन्य सामान था। आसपास खोजबीन करने के बाद नहीं मिलने पर पुलिस में शिकायत किया।

### मजदूर के साथ मारपीट

**भिलाई।** मजदूर के साथ मारपीट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि ग्राम खेरधा भाठापारा निवासी उत्तम देशलहरे मजदूरी करता है। काम करके घर आने पर भाई बिरेन्द्र लहरे शराब पीकर पहुंचा और पीड़ित की पत्नी के साथ गाली गलौज करने लगा। उत्तम ने जब विरोध किया तो बिरेन्द्र ने उसे जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगा। घटना में पीड़ित के दाहिने हाथ एवं बांये हाथ में चोट आई है। दोनों पक्षों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई किया है।

**विवाद:** माहौल बिगड़ता देख पुलिस पहुंची,पदमनाभपुर थाना क्षेत्र की घटना

# धर्मांतरणः बजरंग दल और मसीह समाज भिड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिले में धर्मांतरण के मामले को लेकर हिंदू धर्मावलंबियों और मसीही समाज के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना की सूचना पाकर दुर्ग पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक धर्मांतरण के मुद्दे को लेकर पदमनाभपुर थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर जमकर बवाल हुआ। सूचना पाकर वहां छत्तीसगढ़ बजरंग दल, बजरंग दल, विश्व हिंदु परिषद, हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता पहुंचे और विरोध में नारेबाजी करने लगे। इस दौरान उन्होंने चर्च का घेराव कर दिया।



चर्च के बाहर बैठकर भजन कीर्तन, हनुमान चालिसा का पाठ किया गया। मामला बढ़ते देख पुलिस बल भी वहां पहुंचा और उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वो लोग विरोध करते रहे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने उस भवन को कब्जे में ले लिया, जहां प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा था। थोड़ी देर में वहां एसडीएम भी पहुंचे। टीम ने प्रार्थना सभा में शामिल सभी लोगों का नाम और पता डायरी में दर्ज किया। पलिस मामले में पूछताछ कर ही रही थी कि उसी दौरान वहां पादरी एम जोनाथन पहुंचे। उसे देखते ही बजरंगियों ने उसका विरोध करना शुरू कर दिया। जोनाथन ने भी विरोध किया। बजरंगियों का आरोप है कि जोनाथन ने उनकी टीम की महिला सदस्य को थप्पड़ मारा और उसका कपड़ा फाड़ दिया, इससे गस्साए

उन लोगों ने उसे बूरी तरह दौड़ा दौड़ाकर पीटा। इससे दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। माहौल खराब होने के डर से अधिक संख्या में पुलिस बल मंगाया गया और स्थिति को काबू में किया गया। पुलिस ने बड़ी मुस्किल से जोनाथन को बजरंगियों से बचाया और थाने लेकर पहुंची। इसके बाद मामला इतना बढ़ गया कि मसीही समाज के लोगों ने पद्मनाभपुर थाने का घेराव कर दिया। उनका कहना था कि संविधान में अधिकार है कि कोई भी किसी भी धर्म को मान सकता है। ऐसे में हिंदू संगठन की ओर से लगातार इस तरह का हंगामा कर परेशान किया जा रहा है।

### यह है पूरा मामला

रविवार का दिन मसीह समाज का बड़ा दिन होता है। हर चर्च में उनकी प्रार्थना होती है। सभी लोग पद्मनाभपुर स्थित एक भवन में प्रार्थना कर रहे थे। इसी दौरान विश्व हिंदू परिषद, हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली की वहां लोगों का धर्मांतरण कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही वो लोग बड़ी संख्या में वहां पहुंच गए। उन्होंने धर्मांतरण का आरोप लगाकर नारेबाजी शुरू कर दी। मसीही समाज के लोगों ने इसका विरोध किया तो दोनों समुदाय के बीच धक्का-मुक्की के साथ मारपीट हो गई। दोनों पक्षों को पुलिस थाने लेकर आई और मामला दर्ज कर कार्रवाई किया।

# मोबाइल से वाट्सअप पर सट्टा खिलाने वाले चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- आरोपियों से 35 लाख रुपए का सट्टा पट्टी जब्त

वाट्सअप मोबाइल से सट्टा चलाने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रामनगर मुक्तिधाम शासकीय स्कूल के पास कल्याण, राजधानी नामक सट्टा गेम में अंको पर रुपए में दांव लगाकर सट्टा खिला रहे थे। वैशाली नगर पुलिस टीम ने दबिश देकर राम नगर मुक्तिधाम निवासी सूरज वर्मा, राम नगर साहू पारा कुलेश्वर साहू, ग्रीनवेली जुनवानी ए /13 मकान नंबर 8 विकाश शर्मा, शॉप न0 66 सेक्टर-7 आजम अहमद को गिरफ्तार किया गया। सटोरियों से पूछताछ करने पर कल्याण, राजधानी नामक गेम के अंको पर रुपए का दांव लगाया जा रहा था। उक्त सट्टा रुआबांधा धनसिंह देवांगन द्वारा किया जा रहा था। उसकी तलाश मेंपुलिस जुटी हुई है। सटोरियों से पुलिस ने किपैड मोबाईल, तीन एंड्रॉयड मोबाइल सहित लगभग 35 लाख रुपए की सट्टा पट्टी जब्त किया है। सटोरियों से नगदी 6 हजार रुपए जब्त किया गया।

# महिला से कॉस्मेटिक सामान का झांसा देकर 88 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

कॉस्मेटिक सामान का झांसा देकर महिला से ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध कायम किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि ग्राम कानाकोट चौकी मचान्दुर निवासी जयश्री साहू ने ऑनलाइन कॉस्मेटिक सामान का आर्डर किया था।

महिला ने आनलाइन पिलग्रीम कंपनी से उक्त सामान मंगाने के लिए ऑनलाइन आर्डर किया। जिसका पेमेंट पीड़िता ने एसबीआई मरोदा ब्रांच के खाते से किया था। पेमेंट ऑनलाइन गुगल पे के माध्यम से पहले 1199 रुपए ट्रांसफर किया, इसका मैसेज मोबाइल पर मिला। कुछ देर बाद डिलवरी के लिए पूरी रकम मांगी गई। पीड़िता के मोबाइल पर काल किया गया। उसके बाद महिला को झांसा में लेने के लिए आर्डर का पेमेन्ट तुरंत करने की बात कही गई। दोबारा पेमेंट करने की बात अज्ञात मोबाइल धारक ने की। महिला को कॉल कर बताया गया कि पेमेंट नहीं करने पर उसका आर्डर लौट जाएगा। पेमेन्ट भी रिफण्ड नहीं किया जाएगा। तब पेमेन्ट का स्कीन शॉट अज्ञात के द्वारा बताए गए मोबाईल नंबर पर भेज दिया।

महिला को अज्ञात ने झांसे में लेने के लिए 19 हजार 785 रुपये रिफण्ड कोड होना बताकर 20 हजार 19 रुपये भेजने की बात कही। उसके बाद महिला के खाते से कुल 88 हजार 987.55 रुपए गायब हो गया। परेशान महिला ने घटना की शिकायत करने पुलिस थाने में पहुंची।

# युक्तियुक्तकरण सुनवाई के बहाने 250 शिक्षक चार महीने से घरों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

युक्तियुक्तकरण सुनवाई के बहाने 250 शिक्षक अपने घर बैठे हैं। वह भी एक-दो सप्ताह से नहीं बल्कि पिछले चार महीने से। यानी नौकरी सरकारी पर सरकार के आदेश का पालन ये नहीं कर रहे। जिन विद्यार्थियों के पढ़ाने के लिए सरकार ने नौकरी दी उनके भविष्य की चिंता ही नहीं। इसलिए कि इतने शिक्षकों के स्कूल नहीं जाने से विद्यार्थियों की पढ़ाई इतने महीने तक प्रभावित हो रही है। सरकार के नियम के हिसाब से पढ़ाई नहीं तो वेतन नहीं,इसमें घिर गए हैं।

## इस तरह के मामले युक्तियुक्तकरण शिक्षकों के

### ज्वाइनिंग ही नहीं दी

**1** युक्तियुक्तकरण में ऐसे शिक्षक हैं जिन्होने अतिशेष होने के बाद विभागीय काउंसिलिंग में हिस्सा लिया। जिन जिलो के स्कूलों में उनके विषय के पद रिक्त थे उनका चयन किया। चयनित स्कूलों पर विभाग ने पदस्थापना आदेश जारी किया। आदेश के बाद शिक्षक उस स्कूल में अब तक ज्वाइनिंग नहीं दी। वर्तमान में ये किसी भी स्कूल में पदस्थ नहीं हैं।

### ज्वाइनिंग लेकर घर बैठे

**2** युक्तियुक्तकरण में ऐसे शिक्षक भी है जो काउंसिलिंग में आए। विभाग द्वारा जारी रिक्त पदों पर अपनी सहमति दी। उसके आधार पर शिक्षा विभाग ने उस स्कूल में ज्वाइनिंग करने का आदेश निकाला। आदेश के बाद शिक्षक उस स्कूल में गया और ज्वाइनिंग ले ली। ज्वाइनिंग के बाद फिर दोबारा पढ़ाने के लिए स्कूल नहीं गए और घर में बैठे हैं।

## ज्वाइनिंग नहीं होने से शिक्षकों को ये नुकसान

### घटना से नहीं मिलेगा क्लेम

**1** शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यदि शिक्षक ज्वाइनिंग नहीं लिया है तो इस अवधि तक जितने महीने स्कूल नहीं गया है वह वर्तमान में वह सरकारी कर्मचारी नहीं माना जाएगा। ऐसे में यदि किसी शिक्षक के साथ कोई दुर्घटना हो जाएगी तो वह सरकारी तौर पर क्लेम का अधिकारी नहीं रहेगा। दुर्भाग्य से यदि मौत हो जाती है तो उसके परिजन अनुकंपा नियुक्ति के दायरे में भी नहीं आएंगे। इसलिए कि वर्तमान में उसकी सर्विस ब्रेक हैं और वह सरकारी कर्मचारी ही नहीं है।

### वरिष्ठता होगी प्रभावित

**2** सर्विस ब्रेक की स्थिति में ऐसे शिक्षकों का वरिष्ठता पर व्यापक असर पड़ेगा। विभागीय अधिकाारियों के मुताबिक यदि किसी शिक्षक की वरिष्ठता 7 अप्रैल 2018 है। उसका सर्विस ब्रेक 120 दिन यानी चार महीने की है। ऐसे में जब वह ज्वाइनिंग करता है जो वरिष्ठता की गणना 7 अगस्त 2018 वाले कैडर में चला जाएगा। इससे उनके प्रमोशन में भी दिक्कतें आएगी।

### इस तरह प्रभावित हो रही पढ़ाई

स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की कमी हो गई है। जिस जिले के स्कूल में उन्हे भेजा गया है वहां वे पढ़ा नहीं रही हैं। इसलिए ऐसे स्कूलों के विद्यार्थियों की पढ़ाई शुरू नहीं हो पा रही है। तिमाही परीक्षा 18 सितंबर से शुरू होने जा रही है। ऐसे में विद्यार्थी अपनी परीक्षा कैसे देंगे इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

### पढ़ाई नहीं तो वेतन नहीं

स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक सरकार का नियम है कि पढ़ाई नहीं तो वेतन भी नहीं। यानी जो शिक्षक तीन या चार महीने से स्कूलों में पढ़ाई करवाने नहीं पहुंचे है उनकी हाजिरी रजिस्टर में अनुपस्थिति दर्ज हो रही है। हाजिरी रजिस्टर के हिसाब से ही शिक्षकों का वेतन पास होता है। इस हिसाब से जितने महीने तक शिक्षक गैरहाजिर हैं उतने दिनों का सर्विस ब्रेक मानी जाएगी। ऐसे शिक्षकों की जानकारी भी राज्य के पास भेजा जा रहा है।

### मंगवाई है शिक्षकों की जानकारी

युक्तियुक्तकरण की सुनवाई चल रही है। 250 शिक्षकों की सुनवाई पूरी हो चुकी है। इन शिक्षकों ने ज्वाइनिंग नहीं किया है। ऐसी स्थिति में उनकी हाजरी भी संबंधित स्कूल में नहीं लग रही है। हमने ऐसे शिक्षकों की जानकारी मंगवाई है।

- **आर एल ठाकुर,** संयुक्त संचालक दुर्ग शिक्षा संभाग

**देश और समाज से जुड़े कई गंभीर मुद्दों पर रखे अपने विचार**

# भारत पहले से ही है हिंदू राष्ट्र, बनाने की क्या जरुरत - पं. राजन महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई के आईटीआई ग्राउंड में इस समय अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित राजन जी महाराज श्रीराम कथा कहने पहुंचे हैं। कथा के तीसरे दिन उन्होंने आयोजनकर्ता विनोद सिंह के घर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अपनी बात रखी। भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने को लेकर पूछे गए सवाल पर पं. राजन महाराज ने कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की क्या जरूर है वो अपने अस्तित्व के समय से ही हिंदू राष्ट्र है था और रहेगा।



उन्होंने कहा कि जिस मात्रभूमि की सभी नदियों के नाम हिंदू देवी देवताओं के ऊपर हों, चारों दिशाओं में में स्थित पर्वत हिंदू सतनातनियों पर आधारित हों उस मात्रभूमि को हिंदू राष्ट्र नहीं बोलेंगे तो फिर किसे बोलेंगे।

कुछ शहर और स्थानों के नामो को बदलकर हिंदू नाम पर करने को लेकर उन्होंने कहा कि वो नाम बदले नहीं गए, बल्कि जिनके नाम बदले गए थे उन्हें फिर से उनका पुराना नाम देना माना जाएगा। उन्होंने प्रयागराज को लेकर कहा कि प्रयागराज का हिंदी अर्थ है, जहां प्रथम यज्ञ हुआ है उसे उसे प्रयाग राज कहा जाता है। उसका नाम बदलकर इलाहाबाद किया गया तो उसकी जगह फिर से उसे प्रयागराज करना कहां गलत है। इसी तरह बाकी जगह भी हुआ है, जो कहीं से भी गलत नहीं है।

### कहा- धर्माचार्यों के विवादित बयान पर किसी को बोलने का अधिकार नहीं

राजन महाराज ने बड़े धर्माचार्यों के द्वारा दिए जा रहे अलग अलग विवादित बयानों को लेकर हो रही सोशल मीडिया में टिप्पणी को लेकर कहा कि वो सभी धर्माचार्य हैं। वो जो बोलते हैं वो उनकी अपनी लीलाए हैं। उस पर किसी भी सनातनी को नहीं बोलना चाहिए और ना उन्हें इसका अधिकार है। उन्होंने कहा कि जैसे परिवार में पिताजी-चाचाजी बात कर रहे हों तो घर के छोटे लोगों को उस पर नहीं बोलना चाहिए। इसी तरह जब धर्माचार्य कुछ कहते हैं तो वे उनकी आपस की बात होती है, लेकिन सोशल मीडिया से लेकर मीडिया हाउस इसे जब मुद्दा बनाता है तो गैर सनातनी इसका फायदा उठाते हैं।

### रामकथा से रुक रहा है धर्मांतरण

धर्मांतरण जैसे गंभीर मुद्दे को लेकर राजन जी महाराज ने कहा कि रामकथा की वजह से कई जगह धर्मांतंरण रुका है। उन्होंने कहा कि आसाम के डिबरुगढ़ के पास एक कस्बे में जब रामकथा का विरोध हुआ और कोर्ट की परमिशन के बाद रामकथा हुई तब उन्हें पता चला कि मिशनरी का विरोध सिर्फ इसलिए था क्योंकि वहां पिछली बार जब रामकथा हुई थी तब से इस कथा तक एक भी धर्मांतरण नहीं हुआ, उल्टा कई लोग फिर अपने पुराने धर्म में वापस आ गए हैं। उन्होंने कहा यदि कोई अपना धर्म परिवर्तन कर सनातनी होना चाहता है तो उसके लिए भी हिंदू धर्म में रास्ते खुले हैं। कई लोगों ने सनातन को अपनाया भी है।

### भगवान के मूल से छेड़छाड़ कर रहा एआई

एआई के जरिए बन रही भगवान की प्रतिमाओं और फोटो को लेकर राजन महाराज ने कहा कि एआई के जरिए भगवान के मूल से छेड़छाड़ किया जा रहा है। उन्होंने एआई आधारित भगवान की प्रतिमाओं को बनाने का विरोध किया।

### पति पत्नी में विवाद, धारदार हथियार से हमला

**भिलाई।** पति पत्नी के विवाद में पत्नी ने धारदार वस्तु से हमला करने का मामला सामने आया है। जामुल पुलिस ने बताया कि गौरव पंचाल वेल्डिग कार्य करता है। पत्नी राखी पांचाल और पति के बीच विवाद हो गया। पत्नी राखी ने पति को जान से मारने की धमकी देकर गाली गलौच किया। पत्नी ने धारदार वस्तु से पति के पीठ में मारा हाथ बीच बचाव करने पर बाये हाथ में भी काफी चोट आई है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

आबकारी विभाग की बैठक में दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश

# सभी मदिरा दुकान के कर्मचारियों को निर्धारित यूनिफार्म व आईडी नियमित रूप से कराएं धारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में रविवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आबकारी विभाग की बैठक आयोजित की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, सहायक आयुक्त आबकारी सीआर साहू तथा दुर्ग जिला के समस्त आबकारी वृत्त प्रभारी अधिकारी एवं आरक्षक, सिक्योरिटी एजेंसी एसआईएस, प्लेसमेंट एजेंसी बीआईएस, कैश कलेक्शन एजेंसी हिताची के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में सभी दुकान कर्मचारियों को निर्धारित यूनिफार्म एवं आईडी नियमित रूप से धारण करने, सेवा सुविधा एप के माध्यम से वेतन भुगतान की पारदर्शी प्रक्रिया का पालन करने, दुकानों में ओवररेट,



मिलावट ना होने, गार्ड को दुकान में वर्दी में सजग रूप से कार्य करने, कैश कलेक्शन सुरक्षा के साथ करने, दुकान कर्मचारियों एवं सुरक्षा गार्ड का पुलिस जाँच कराये जाने, वृत्त प्रभारियों द्वारा होटल, ढाबे, बारों की नियमित जांच करने, मदिरा दुकानों का बेहतर एवं प्रभावी संचालन करने, अन्य प्रांत की मदिरा पर प्रभावी नियंत्रण रखने तथा कलेक्टर न्यायालय से संबंधित प्रकरणों में नोटिस तामील कराएं।

## बीएलओ और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग शहर (विधानसभा क्षेत्र 64) के समस्त बूथ लेवल ऑफिसर्स, सुपरवाइजरों की बैठक साइंस कॉलेज सभागार में आयोजित की गई। सभी बीएलओ और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में सभी बूथ लेवल ऑफिसर्स एवं सुपरवाइजर्स को कलेक्टर अभिजीत सिंह का भी मार्गदर्शन मिला। कलेक्टर सिंह ने निर्वाचक नामावली मिलान किए जाने के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी एवं शंकाओं का समाधान भी किया। प्रशिक्षण के बाद निर्वाचक नामावली का मिलान कार्य भी बीएलओ से करवाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर कलेक्टर एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी दुर्ग शहर अभिषेक अग्रवाल, तहसीलदार दुर्ग एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रफुल्ल गुप्ता, अतिरिक्त तहसीलदार क्षमा यदु, नायब तहसीलदार वासुमित्र दीवान, शिवचरण मरकाम उपस्थित थे।

## चालक ने खोया संतुलन पुल से टकराकर पलटा वाहन ट्रक

**कुसुमकसा।** नेशनल हाईवे क्रमांक 930 में दल्लीराजहरा की ओर से आयरन ओर लेकर जा रही ट्रक क्रमांक सी 07 सी एच 7525 पथराटोला तालाब के पास पुल से टकराकर पलट गई। बताया जा रहा है कि सामने गाय आ जाने के कारण ट्रक चालक अपना संतुलन खोकर पुल से टकरा गया। की घटना से कुछ कदम की दूरी पर लोगों का आवास था।






# Happy ENGINEER'S Day

## कल्पनाओं को हकीकत में बदलने वाले मनीषियों को नमन

हर साल 15 सितंबर को भारत में इंजीनियरिंग डे मनाया जाता है। यह दिन भारत रत्न और महान अभियंता मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। उन्हें आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले अद्भुत अभियंता और दूरदर्शी योजनाकार के रूप में जाना जाता है।



इंजीनियर सिर्फ मशीनें और इमारतें नहीं बनाते, बल्कि वे समाज की प्रगति की नींव रखते हैं। सड़कें, पुल, रेल, बांध, बिजली, मोबाइल नेटवर्क, साफ्टवेयर और आधुनिक तकनीककृइन सबके पीछे इंजीनियरों की मेहनत और बुद्धिमत्ता छिपी होती है।

आज के डिजिटल युग में साफ्टवेयर इंजीनियर से लेकर मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिविल और एयरोस्पेस इंजीनियर तक, हर क्षेत्र में उनका योगदान हमारी जिंदगी को आसान बना रहा है।

**सर एम. विश्वेश्वरैया का योगदान**

कर्नाटक के कृष्णराज सागर बांध का निर्माण। बाढ़ नियंत्रण और सिंचाई परियोजनाओं की नई तकनीकें विकसित कीं। मैसूर राज्य के विकास में अहम भूमिका निभाई। उनके अद्भुत कार्यों के कारण ही उन्हें भारत का महान अभियंता कहा गया।

आज जब भारत 'विकसित राष्ट्र' बनने की ओर बढ़ रहा है, तो इसमें इंजीनियरों की भूमिका सबसे अहम है। स्टार्टअप संस्कृति, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल इंडिया, ग्रीन एनर्जी, स्मार्ट सिटी और अंतरिक्ष अनुसंधानकृइन सभी में भारतीय इंजीनियर विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं।

इंजीनियरिंग डे सिर्फ एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि इंजीनियरों की मेहनत और कल्पनाशक्ति ही किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती है। इस दिन हम उन सभी अभियंताओं को नमन करते हैं, जो सपनों को हकीकत में बदलते हैं।
















# नवाचार से शिक्षा की नई दिशा दिखा रहे हैं प्रधान पाठक विरेंद्र

**पढ़ाई में पीछे रहने वाले बच्चे अब उत्साह के साथ कक्षा में भागीदारी दे रहे, अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बने**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

शिक्षा केवल अक्षर ज्ञान तक सीमित न रहकर बच्चों के जीवन में व्यवहारिकता और आनंद भी भर सकती है, यदि उसे सृजनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया जाए। इसी सोच को अपनी शिक्षण शैली का आधार बनाकर शासकीय प्राथमिक शाला-चंगोरी (संकुल केंद्र बठेना, विकासखंड पाटन, जिला दुर्ग) के प्रधानपाठक विरेंद्र कुमार बच्चों के जीवन में शिक्षा की नई रोशनी फैला रहे हैं।

### नवाचारी प्रयासों से बदला कक्षा-कक्ष का स्वरूप

पारंपरिक पद्धतियों से आगे बढ़कर विरेंद्र कुमार ने कक्षा-कक्ष को प्रयोगशाला और खेल का मैदान बना दिया है। बच्चे अब किताबों के बोझ तले दबकर नहीं, बल्कि खेल-खेल में, गतिविधियों और टीएलएम (शैक्षिक सामग्री) की मदद से सीखते हैं। उन्होंने चार्ट, मॉडल, डिजिटल तकनीक और समूह चर्चा जैसी विधियों को अपनाकर पढ़ाई को रोचक बना दिया है। *प्रधान पाठक ने अपने विद्यालय में जादुई पिटारा का निर्माण किया है। इस जादुई पिटारा के माध्यम से बच्चों की भाषाई समझ एवं गणित कौशलों का विकास नवाचार तरीका से तेजी से हो रहा है। इन नवाचारों का असर बच्चों के व्यवहार और शिक्षा पर साफ दिखाई दे रहा है। बच्चों की उपस्थिति बढ़ी है, अध्ययन में रुचि जागी है और परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। जो बच्चे पहले पढ़ाई में पीछे रह जाते थे, वे भी अब आत्मविश्वास के साथ कक्षा में भागीदारी कर रहे हैं।



### शिक्षा सीमित न रहे स्कूल की चारदीवारी तक

विरेंद्र कुमार का मानना है कि शिक्षा केवल विद्यालय की चारदीवारी तक सीमित नहीं होनी चाहिए। इसी विचार के चलते उन्होंने अभिभावकों और ग्रामीणों को भी विद्यालय से जोड़ा। समय-समय पर बैठकें आयोजित कर वे बच्चों की प्रगति की जानकारी देते हैं और सामुदायिक सहयोग से विद्यालय के वातावरण को और समृद्ध बना रहे हैं। अपने नवाचारी दृष्टिकोण और कार्यशैली से विरेंद्र कुमार न केवल बच्चों के लिए, बल्कि अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन चुके हैं। उनका कहना है –"शिक्षा तभी सार्थक है, जब वह जीवन में उपयोगी और बच्चों के लिए आनंददायक बने। किताबों का ज्ञान तभी स्थायी होता है, जब उसे व्यवहारिक अनुभवों से जोड़ा जाए।"

### शाला बनी उदाहरण

ग्रामीण परिवेश में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला-चंगोरी, आज नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का उदाहरण बन चुकी है। यहां बच्चों की मुस्कान और सीखने की ललक यह साबित करती है कि यदि शिक्षक समर्पित और संकल्पित हो, तो किसी भी विद्यालय को आदर्श बनाया जा सकता है। प्रधानपाठक विरेन्द्र कुमार नवाचारी तरीके से बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं जिससे पालकगण बहुत खुश है।

---

**खबर संक्षेप**



### पर्यावरण संरक्षणः टब में विसर्जित की प्रतिमा

**पाटन।** छत्तीसगढ़ पर्यावरण मित्र समिति द्वारा अमलेश्वर में ढाई इंच की श्रीगणेश जी की मूर्ति को टब में विसर्जित किया गया। छत्तीसगढ़ पर्यावरण मित्र समिति द्वारा लगातार 12वें वर्ष मिट्टी की बनी हुई ढाई इंच की श्री गणेश जी की मूर्ति शिवपार्क कॉलोनी नगरपालिका परिषद अमलेश्वर में स्थापित की गई थी जिसे 6 सितंबर शनिवार को पूरे विधि विधान के साथ टब में विसर्जित किया गया। छत्तीसगढ़ पर्यावरण मित्र समिति के वरिष्ठ सलाहकार ललित कुमार बिजौरा एवं अध्यक्ष डॉ.अश्वनी साहू ने बताया कि समिति द्वारा जल प्रदूषण को कम करने लोगों को जागरूक करने एवं पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से ढाई इंच की श्री गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई थी । अब विजर्सन पश्चात अपशिष्ट मिट्टी एवं जल को पौधरोपण कर उपयोग किया जाएगा। श्री गणेश के विसर्जन कार्यक्रम में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ पर्यावरण मित्र समिति के वरिष्ठ सलाहकार ललित कुमार बिजौरा , जीपी तिवारी, अदिती बिजौरा और दिव्यांश बिजौरा सहित सदस्य गण उपस्थित रहे।

**निधन**

### संतोष कुमारी



**भिलाई।** 22/8 नेहरुनगर वेस्ट निवासी संतोष कुमारी 84 वर्ष का निधन 14 सितंबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 15 सितंबर को दोपहर 1 बजे उनके निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. सीताराम नेब की पत्नी और रूबी चावला, संजय, विनीत नेब की मां थीं।

---

**भक्ति की धारा : प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की**

# श्री रामकथा हमें जीवन के मूल्यों और आदर्शों की उच्च शिक्षा देती है : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा में मानस सुधा परिवार द्वारा आयोजित श्री रामकथा मासिक संगोष्ठी कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। भगवान श्री राम जी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश वासियों के खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने श्री राम कथा श्रवण किया और भक्तों के साथ भजन-कीर्तन में शामिल हुए।

विधायक ललित चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि श्री रामकथा हमें जीवन के मूल्यों और आदर्शों की शिक्षा देती है। उन्होंने कहा कि श्री राम की कथा हमें सत्य, न्याय और करुणा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और सौहार्द की भावना बढ़ती है। इस अवसर पर सरपंच दिग्विजय सिंह, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, आयोजक संजू यादव, पूर्व जनपद सदस्य राकेश चंद्राकर, उपसरपंच यशवंत बंजारे, तिलक चंद्राकर, पंच फत्तेलाल चंद्राकर, हेमलता देशमुख, जनपद सदस्य बेला यादव, लक्ष्मीकांत कनोजे, उपाध्यक्ष नूतन निर्मलकर, तीरनेनी देवांगन, मुकेश चंद्राकर, जीतू सिन्हा, कुथरेल सरपंच गीता गजपाल, रोशन साहू, संतोष सिन्हा, राजेन्द्र चंद्राकर, बिसाऊहा साहू, चुम्मन साहू, महेंद्र पांडेय और समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**विधायक श्री रामकथा मासिक संगोष्ठी कार्यक्रम में हुए शामिल**



## कबीर की दोहों और वाणियों से हमें जीवन में आगे बढ़ने की मिलती है प्रेरणा : ललित

**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत माँ कर्मा सामुदायिक भवन शीतला नगर उतई में आयोजित कबीर सत्संग कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सतगुरु कबीर साहेब को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया और सत्संग श्रवण किया। इस अवसर पर मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, उतई मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, महामंत्री चंदू देवांगन, मंत्री रूपेश पारख, पार्षद लक्ष्मी नारायण साहू, पार्षद संगीत रजक, सांसद प्रतिनिधि ममता चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरीश शर्मा, विजय चंद्राकर, विमला कामड़े, दनेश्वरी देशमुख, जागेश्वर साहू, राजेश साहू, अरुण साहू, सालिक साहू समेत समस्त श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि कबीर सत्संग हमें जीवन के मूल्यों और आदर्शों की शिक्षा देता है। उन्होंने कहा कि कबीर साहेब जी के दोहों और वाणियों से हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है कबीर साहेब जी की वाणियों ,शिक्षाओं को जन-जन तक हमे पहुंचना है और अपने जीवन में आत्मसात करना है।



---

**अंचल की खबरें**

### पाटन राज ने किया मंत्री यादव का सम्मान



**सेलूद।** ठेठवार यादव समाज पाटन राज के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव का दुर्ग में सम्मान किया। मंत्री श्री यादव से समाज के प्रतिनिधियों ने चर्चा की और समाज की गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर पाटन राज अध्यक्ष ईश्वर यादव पाटन राज मीडिया प्रभारी बलराम यादव, सचिव अश्वनी यादव, मदन यादव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती भारती यादव, भोला राम यादव, राम निवास यादव, संतोष यादव, कमलेश यादव, भुनेश्वर यादव, शीतल यादव, चितरंजन यदु, सालिक यादव, विजय यादव, हेमलाल यादव, धरम पाल, राकेश यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

### चंद्राकर परिवार ने बेड दान किया स्वास्थ्य केंद्र में

**पाटन।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को एक महत्वपूर्ण योगदान प्राप्त हुआ। स्व. गेंदलाल एवं स्व. उषा देवी चंद्राकर की पावन स्मृति में उनके सुपुत्र मनोज चंद्राकर एवं संजय चंद्राकर ने एक बेड प्रदत्त किया है। यह पहल न केवल स्वर्गीय गेंदलाल एवं उषा देवी चंद्राकर के आदर्शों और सामाजिक सेवा की भावना को दर्शाती है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं को और भी सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने चंद्राकर परिवार के इस योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक सहयोग से ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की सुविधाएँ और बेहतर हो पाती हैं।



### एचआईवी के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक



**सेलूद।** छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति की ओर से लिंक वर्कर स्कीम योजना अंतर्गत प्रतिज्ञा विकास संस्थान दुर्ग के द्वारा दुर्ग ब्लॉक एवं पाटन में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें लिंक वर्कर स्कीम के तहत दुर्ग जिला के गांव में विगत 10 से 12 वर्षों से संस्था द्वारा लोगों को एचआईवी एड्स से संबंधित सेवाएं प्रदान किया जा रही है। जिसमें गांव के लोगों को अलग-अलग वर्गों में विभाजित कर जांच कराई जा रही है। वहीं गांव में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिसमें पाटन ब्लॉक के ग्राम चौखटा में लोगों को एचआईवी एड्स के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिज्ञा का संस्थान के डायरेक्टर आर एस मिश्रा तथा डीआरपी विनय द्विवेदी के मार्गदर्शन में जोनल सुपरवाइजर ममता बंजारे एवं लिंक वर्कर खेमरेखा त्रिपाठी, चंद्रशेखर कुर्रे, मलेश्वर बंजारे, भानु प्रताप सोनवानी और दमयंती साहू अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं।

### अमलेश्वर पालिका के वार्डों में बांटे गए डस्टबिन



**पाटन।** अमलेश्वर नगर पालिका परिषद के वार्डो में डस्टबिन वितरण किया गया जिसमें वार्डवासियो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया,उपस्थित ऐसे सभी लोगो को दिया गया जिनका मकान का टैक्स पालिका में जमा किया गया हैं। उक्त डस्टबिन गिला कचरा एवं सूखा कचरा हेतु प्रदान किया गया। वितरण के समय नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू एवं वार्ड पार्षद डोमन यादव ,पालिका अधिकारी अतिख खान एवं कर्मचारी योगेश साहू,लक्की साहू,प्रशांत साहू भी उपस्थित रहे।

### जिला अस्पताल में 72 लोगों ने किया रक्तदान

**दुर्ग।** स्व. अनुराग हरिहरनों एवं स्व.भावेश भाई सोलंकी की पुण्य स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह शिविर प्रतिवर्ष जिला अस्पताल में आयोजित की जाती है। शिविर में 72 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में ब्लड बैंक नोडल ऑफिसर जेपी मेश्राम उपस्थित थे। इस अवसर पर कैट दुर्ग चैप्टर के अध्यक्ष पवन बड़जात्या, ट्विनसिटी मोबाईल के अध्यक्ष मोहम्मद अली हीरानी, दुर्ग मोबाईल एसोशिएशन अध्यक्ष ललित खापर्डे, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजीव दुबे, नवदृष्टि फाऊंडेशन के अध्यक्ष राज आड़तिया, रेडक्रास सोसायटी के सभी सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के समन्वयक जयंती भाई आड़तिया, त्रिपेश शर्मा एवं तरुण आड़तिया थे। जलाराम रिसायकल्स ट्रस्ट की ओर से जयंती भाई आड़तिया ने सभी रक्तदाताओं का आभार प्रकट किया।



---

## मचांदुर ग्रामवासियों ने कहा दोनों समुदाय शांति से रह रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶|उतई

ग्राम मचांदुर में पिछले सप्ताह के कथित विवाद के मद्देनजर वहां के सरपंच युगल किशोर साहू और उपसरपंच दुष्यंत कुमार साहू ने लिखित बयान जारी किया है। ग्रामवासियों के साथ दोनों पदाधिकारियों ने साफ किया है कि निजी मामले को गलत रूप में दो समुदाय के बीच विवाद के तौर पर प्रचारित किया गया, जबकि गांव में दोनों समुदाय के लोग पूरी तरह शांति और सौर्हाद्र के साथ रहते आए हैं।

- सरपंच व पंच ने बयान जारी कर स्थिति स्पष्ट की, शांति बैठक में निषाद के नहीं पहुंचने की दी जानकारी

दोनों पदाधिकारियों ने बताया कि ग्राम पंचायत मचान्दुर में कथित विवाद के बाद 11 सितंबर गुरूवार को बाजार चौक भाठापारा में शांति व्यवस्था बनाने आवश्यक बैठक रखी गई थी। जिसमें मुस्लिम समुदाय के गणमान्य व्यक्ति, नवाब खान और डिलेश्वर निषाद को ग्राम पंचायत एवं ग्रामीण पदाधिकारी द्वारा लिखित सूचना ग्राम कोटवार के माध्यम से दी गई थी। जिसमें दो पक्ष मुस्लिम समाज और नवाब खान उपस्थित हुंए। जबकि डिलेश्वर निषाद बैठक में नही आए, तब कोटवार एवं ग्रामीण अध्यक्ष दो बार उन्हें घर बुलाने के लिए गये। इसके बाद डिलेश्वर निषाद ने कहा कि मुझे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का फोन आया है और मुझे जिला कलेक्टर ने भी बुलाया है। इसके बाद डिलेश्वर निषाद ने बैठक में आने से मना कर दिया। सरपंच और पंच के मुताबिक वर्तमान में जिस कथित विवाद की बात कही जा रही है इसकी कोई जानकारी ग्राम पंचायत व ग्रामीण समाज दोनो को मुस्लिम समाज व नेहा डिलेश्वर निषाद के द्वारा नही दी गई है। इस प्रकार ग्राम पंचायत व ग्रामीण समाज के द्वारा सहयोग ना करने की बात करना न्याय संगत नही है। यदि उनकी सूचना ग्राम पंचायत या ग्रामीण समुदाय को दी गई होती तो उस विवाद को ग्राम पंचायत या ग्रामीण समाज बैठक में अवश्य सुलझा लिया जाता। सरपंच युगल किशोर साहू और उपसरपंच दुष्यंत कुमार साहू का कहना है कि विवादित परिवार व मुस्लिम समाज द्वारा सहयोग न किये जाने की बात कहना निराधार है। ग्राम पंचायत और ग्रामीण समाज के उपर दोषारोपण करना भी न्याय संगत नही है। सरपंच व पंच ने कहा कि हिन्दु-मुस्लिम जमात के सभी शांति व सौर्हाद्र के साथ रहते आये है, और भविष्य में भी इसी प्रकार शांति पूर्ण रहेंगें। सरपंच व पंच ने लिखित बयान में साफ किया है कि वर्तमान में गांव में कोई हिन्दु मुस्लिम विवाद की स्थिति नही है। जो भी विवाद था वह व्यक्तिगत परिवारों का विवाद था जो कि सोशल मीडिया के माध्यम से गलत तरीके से छोटी सी बात को विवाद का रूप बना दिया गया।

### बाबा दरबार धनोरा में नवरात्रि की तैयारी जोरों पर

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में कुंवार नवरात्रि पर्व की तैयारी की बैठक दरबार में रखी गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि 22 सितंबर सोमवार को दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा एवं पंडित विनय शर्मा के द्वारा विधी विधान के साथ पूजा पाठ करके घट स्थापना की जाएगी। पंचमी 27 सितंबर शनिवार को शाम 7 बजे से माता रानी का सिंगार कलश चढहावा, 30 सितंबर मंगलवार को शाम 4 बजे से हवन महाअष्टमी, 1 अक्टूबर बुधवार को शाम 4 बजे शोभा यात्रा ज्योति विसजर्न दरबार से निकलकर गली भ्रमण एवं हर रोज शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक माता सेवा प्रसाद वितरण गुलाब साहू एवं हेमंत साहू की मंडली द्वारा दरबार में ज्योति जलवाने के इच्छुक भक्त गण 751 रुपए जमा करकर अपना स्थान सुरक्षित करा सकते हैं।

---

**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद



**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स के संचालक ने तीज पर्व एवं गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी है। शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा **huid** पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक जेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क्रीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क्रीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने दिया 19 लाख 15 हजार का चेक



**भिलाई।** बैंक ऑफ बड़ौदा विश्वदीप स्कूल शाखा, जिला दुर्ग द्वारा महेंद्र कुमार निर्मल को 28 नवंबर 2023 को 20 लाख 18 हजार का ऋण सुविधा प्रदान किया गया। जिसे शाखा द्वारा अपने टाईअप पार्टनर इंडिया फ़र्स्ट ग्रुप क्रेडिट प्लान से ऋण सुरक्षा पॉलिसी करवाया गया था। पॉलिसी धारक की आकस्मिक निधन होने पर ऋण स्वीकृत राशि 19 लाख 15 हजार रूपय इंडियाफ़र्स्ट ग्रुप क्रेडिट प्लान द्वारा स्वीकृत किया गया। उक्त राशि बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग के क्षेत्रीय प्रमुख अनंत माधव तथा उप क्षेत्रीय प्रमुख, जयप्रकाश नारायण द्वारा दिवंगत पॉलिसी धारक महेंद्र कुमार निर्मल की पत्नी दीपा निर्मल को 19 लाख 15 हजार रूपय की चेक राशि प्रदान किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा सदैव ग्राहकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें बेहतर बैंकिंग सुविधाएँ और वित्तीय सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह ऋण सुविधा ग्राहकों के विश्वास को और सुदृढ़ करेगी तथा बैंक की समाज एवं आर्थिक विकास में भागीदारी को और मजबूती प्रदान करेगी।

### रजत जयंती पर रैली और नुक्कड़ नाटक



**भिलाई।** बीएम कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम कोलिहापुरी में छग राज्य स्थापना के 25वर्ष होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह के अंतर्गत शनिवार को जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जागरूक रैली में नारा के माध्यम से ग्रामवासियों को छत्तीसगढ़ के विकास के बारे में बताया गया एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना ,महतारी वंदन योजना, उत्कृष्ट खेल योजना ,सुकन्या विवाह योजना ,मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रावृति योजना, छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना इत्यादि योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न कला कृतियों को चित्रित किया गया। अंतिम में टुकुनी दलाई सहा. प्राध्यापक के द्वारा विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ के स्थापना से लेकर वर्तमान परिप्रेक्ष्य के बारे में बताया गया। रैली में बीएम कॉलेज के सहा. प्राध्यापक रश्मि रानी तिवारी, गीतिका साहू, प्रियंका साहू, भूपेंद्र यादव एवं अन्य उपस्थित रहे।


### उदय पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया हिन्दी दिवस



**भिलाई।** शनिवार को उदय विद्यालय भिलाई में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। हिन्दी दिवस के अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। छात्र-छात्राओं द्वारा हिन्दी पर आधरित गतिविधि दोहे, कविता तथा भाषण प्रस्तुत किए गए। शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को हिन्दी भाषा का महत्व बताया गया। हिन्दी हमारी मातृभाषा है, इसका आदर और सम्मान करना हमारा कर्तव्य है, यह संदेश दिया गया। विद्यालय की प्राचार्या तस्नीम फातिमा ने हिन्दी दिवस की महत्व पर प्रकाश डाला।

### पीयूष ऑप्टिकल में चल रहा आकर्षक ऑफर

**भिलाई।** नंदिनी रोड एवं सेक्टर-6 ए मार्केट पीयूष ऑप्टिकल पर हम आपकी आँखों की देखभाल को सबसे ऊपर रखते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए, हम आपके लिए एक शानदार ऑफर लेकर आए हैं, जिसे आप मना नहीं कर पाएंगे। वहीं ऑफर में एक प्रोग्रेसिव चश्मा खरीदें और दूसरा प्रोग्रेसिव फ्रेम बिल्कुल मुफ्त पाएं। क्या आप एक ही चश्मे में दूर और पास दोनों की साफ-साफ नज़रों का अनुभव करना चाहते हैं? हमारा प्रोग्रेसिव लेंस इसका सबसे बेहतर समाधान है। अब इस विशेष ऑफर के साथ, आप अपनी आँखों की सेहत को बेहतर बना सकते हैं और साथ ही स्टाइलिश भी दिख सकते हैं। तो फिर देर किस बात की? आज ही हमारी दुकान पर आएं और इस शानदार मौके का लाभ उठाएं।



# भिलाई इस्पात संयंत्र के 25 हजार ठेका श्रमिकों को बोनस भुगतान बनी चुनौती

## प्रबंधन ने जारी किया सुर्कलर, अमल के लिए बीएसपी व जन प्रतिनिधियों को ठेकेदारों पर दबाव बनाने की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

खास खबर

भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों के बोनस निर्धारण के लिए बैठक तय होने के साथ ही हजारों ठेका मजदूरों को भी बोनस की उम्मीद बंधी है। नियमित कर्मियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अल्प वेतन और सुविधाओं में काम करने वाले श्रमिकों के लिए ठेका श्रमिक यूनियन ने प्रबंधन से वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में सम्मानजनक बोनस दिलवाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा ठेका मजदूरों को दिवाली त्योहार के पूर्व बोनस भुगतान करने का सर्कुलर जारी कर दिया है। इससे उन्हें इस साल भी बोनस मिलने की आस बंधी है। लेकिन सभी मजदूरों को बोनस भुगतान एक चुनौती बताया जा रहा है। संयंत्र में छोटी बड़ी निजी कंपनियों यानी ठेकेदारो के अधीन करीबन 25 हजार मजदूर काम करते हैं। अब तक सिर्फ बड़ी कंपनियों के मजदूरों को ही 4 से 6 हजार बोनस मिलता है। करीबन 75 प्रतिशत मजदूरों को ठेकेदार बोनस भुगतान नहीं करते हैं। जबकि प्रबंधन ठेकेदारों द्वारा बोनस भुगतान कराने परिपत्र हर साल जारी करता है। मजदूरों ने बताया कि कुछ ठेकेदार कुछ श्रमिकों को एक दो हजार या मिठाई डिब्बा देकर ही दिवाली मनाने कहते हैं। सभी मजदूरों को बोनस भुगतान करवाना हर साल की तरह इस साल भी बीएसपी व सेल प्रबंधन के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इस मामले में प्रथम नियोक्ता होने के नाते प्रबंधन को 40 ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की तरह सख्त होने की जरुरत है। दिवाली पूर्व वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में पूरे 25 हजार श्रमिकों को निर्धारित बोनस भुगतान करवाने का नैतिक साहस दिखाने की आवश्यकता है। इससे मजदूरों का मनोबल बढ़ेगा।

**खास बातें**

- मजदूरों ने नियमित की तरह मिले बोनस अधिकतर को नहीं होता भुगतान
- सुर्कलर का पालन नहीं करने वाले ठेकेदारों पर हो सख्त कार्रवाई




### घंटों करते हैं हार्ड वर्क

बीएसपी में 11 हजार नियमित कर्मियों से दोगुनी संख्या वाले ठेका मजदूर क्लीनिंग से लेकर मेंटेनेंस और उत्पादन प्रकृति तक 8 से 10 घंटे तक हार्ड वर्क करते हैं। श्रमिकों में कुशल, अकुशल, अर्धकुशल व अतिकुशल श्रेणी के शामिल हैं। अधिकतर अल्प वेतन, सुविधाओं में जान जोखिम में डालकर काम कर रेगुलर के साथ योगदान देते हैं। मजदूरों ने बताया कि नियमित को बेहतर वेतन व अन्य वित्तीय सुविधाओं के साथ भारीभरकम बोनस भी मिलता है। इस साल वे कोल की तरह 90 हजार बोनस मांग रहे हैं। नियमित की तरह ठेका मजदूरों को भी नियमानुसार निर्धारित बोनस दिलाने लोकल व उच्च प्रबंधन द्वारा ठेकेदारों पर पुरजोर दबाव डाले जाने की दरकार है। श्रमिकों ने कहा कि ठेकेदारों के बोनस भुगतान संबंधी सभी दस्तावेज व मजदूरों के खातों की जांच सख्ती से की जानी चाहिए। जिम्मेदारों पर कार्रवाई भी सख्त होनी चाहिए। इस मामले में हर चुनाव में वोट देन वाले मजदूरों को सांसद विधायकों सहित सभी जन प्रतिनिधियों की संजीदगी से पहल का बेसब्री से इंतजार है।

### नियमित की तरह यूनियनें बनाएं दबाव

बीएसपी में एनजेसीएस सहित दर्जनभर यूनियनें हैं। यह यूनियनें जितनी उर्जा नियमित वर्कर्स के लिए सम्मानजनक बोनस भुगतान करवाने में जाया करती हैं,उसका दस प्रतिशत भी ठेका मजदूरों के बोनस के लिए नहीं करती हैं। मजदूरों ने बताया कि पूरे प्लांट में ठेका मजदूरो के लिए मात्र दो यूनियन ठेका श्रमिक यूनियन सीटू व ठेका मजदूर यूनियन इंटक ही है। जबकि 25 हजार ठेका मजदूर हैं। मजदूरों ने बताया कि इतनी बड़ी संख्या व प्लांट संचालन में योगदान के बाद भी प्रबंधन वेतन, बोनस व सुविधाओं तथा सुरक्षा को लेकर रेगुलर की तरह ध्यान नहीं देता है। प्लांट का भविष्य ठेका मजदूर ही हैं। इसे देखते हुए लोकल व सेल प्रबंधन को ठेका मजदूरों को नियमित की तरह आत्मनिर्भर व मजदूब बनाने की मांग यूनियनें कई बार कर चुकी हैं।

## खबर संक्षेप

### चेंबर ने किया सलाहकार संजय को सम्मानित



**दुर्ग।** चेंबर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधि मंडल ने संगठन के प्रमुख सलाहकार संजय रूंगटा को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी और कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह सलूजा उपस्थित थे। इस अवसर पर जिले के व्यापारियों को प्रदेश उपाध्यक्ष और प्रदेश मंत्री के पद पर नियुक्ति पत्र सौंपे गए। नियुक्ति पाने वालों में शिव चन्द्राकर, प्रहलाद रुंगटा, दिनेश टावरी, डॉ. राहुल गुलाटी, जवाहर जैन शामिल हैं। संजय रुंगटा के प्रयासों की सराहना करते हुए दुर्ग चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों ने उनका आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष अनूप गटागट, अशोक राठी, प्रहलाद रुंगटा, दिनेश टावरी, जवाहर जैन, चेयरमैन किशोर जैन, मनोज अग्रवाल, टोनी खंडेलवाल, आशीष सेक्सरिया, हेमंत गोयल, आनंद जैन सहित अन्य मौजूद थे।

### सत्संग का आयोजन

**भिलाई।** रामाश्रम सत्संग मथुरा उपकेन्द्र-भिलाई नगर के तत्वावधान में अभा आन्तरिक सत्संग समारोह का आयोजन 26 से 28 सितंबर के मध्य किया जाएगा।

### शहर में पेयजल व्यवस्था को सुचारु रूप से बनाने के लिए नगरीय निकाय मंत्री की वीडियो क्रांफेंसिंग

# सुपेला, रामनगर, सेक्टर-5 पानी टंकी का निर्माण समय पर नहीं हुआ पूरा, डेड लाइन तीन महीने बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

हरिभूमि सरोकार

भिलाई शहर में पेयजल व्यवस्था के लिए बन रही उच्च स्तरीय पानी टंकी निर्माण समय पर पूर्ण नहीं हो रहा है। 30 सितंबर तक इस काम को पूरा किया जाना था लेकिन अभी निर्माण कार्य 70 प्रतिशत तक ही हो पाया है। मौजूदाहालात को देखते हुए इन पानी टंकियों का निर्माण समय तीन महीने और बढ़ाया गया। नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव ने वीडियों कांफ्रेसिंग लेकर इसकी हिदायत दी। पेयजल व्यवस्था हेतु 15वें वित्त मद से उच्च स्तरीय पानी टंकी का निर्माण सुपेला ,रामनगर में किया जा रहा है। जिसे 30 सितंबर तक पूर्ण किये जाने कार्यादेश जारी किया गया था।



### नेहरूनगर, मदरटेरेसा नगर व खुर्सीपार में जोड़ेंगे पाइप लाइन

निकाय मंत्री साव ने कहा कि पानी टंकी का निर्माण पूर्ण होने के पूर्व बिछायी जा रही वितरण पाईप लाईन का टेस्टिंग की व्यवस्था साथ-साथ की जाये ताकि बाद में पानी नहीं पहुँच रहा हो इस प्रकार अव्यवस्था की स्थिति निर्मित न हो। इसमें विशेष रूप से ध्यान अभियंताओं को दिया जाना चाहिये। नेहरू नगर, फरीद नगर, मदर टेरेसा नगर, खुर्सीपार में पूर्व में बने टंकियों से वितरण उस क्षेत्र में अमृत मिशन के अंतर्गत पाइप लाईन के माध्यम से वार्डों में पेयजल सप्लाई किया जा रहा है। वर्तमान में नई टंकियां की निर्माण पूर्ण होने के बाद प्रत्येक पानी टंकी को भरने के लिए मेन राइजिंग पाईप लाईन या पूर्व से बिछाई गई पाईप लाईन से पानी भरने की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए सभी अधीक्षण अभियंता, जोन के जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता पूर्व के पाइप लाइन डिजाइन में आवश्यक सुधार करते हुए नयी ड्राइंग डिजाइन वितरण पाईप लाईन तैयार की जाये।

### ऐसी रहेगी जोन में पेयजल व्यवस्था

जोन में पेयजल व्यवस्था में शिकायत होने के संबंध में सभी जोन आयुक्त द्वारा टंकियों में पर्याप्त पानी नहीं भरे जाने से पेयजल वितरण में दिक्कत होना बताया गया। इस पर कार्यपालन अभियंता (जलकार्य) सुनील जैन द्वारा पेयजल की संपूर्ण व्यवस्था को जलकार्य विभाग को वार्ड में लगे सुपरवाइजर के साथ सौंप दिए जाने का प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव पर जोन आयुक्त जोन 1, 4 व 5 द्वारा पेयजल व्यवस्था को कार्यपालन अभियंता (जलकार्य) को दिए जाने पर सहमति व्यक्त की गई। व्यवस्था के लिए कार्यपालन अभियंता (जलकार्य) प्रस्ताव या आदेश तैयार कर प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया।

### खुर्सीपार का सीवर लाइन होगा शुरू

विडियो कॉन्फ्रेसिंग की बैठक में जोन आयुक्त द्वारा बताया गया कि सीवर लाइन का कार्य बरसात के कारण बंद है। उसे चालू करने के लिए निर्देशित किया गया। नलकूप खनन का प्रस्ताव बिना भूगर्भ जल स्तर की जांच के बगैर किसी भी स्थान का नलकूप खनन का प्रस्ताव तैयार कर लिया जाता है। सभी जोन आयुक्त एवं सर्व अभियंता यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थान का नलकूप खनन कार्य प्रस्ताव आने पर पहले भूगर्भ में उस स्थल पर जल है कि नहीं उसका परीक्षण किया जाना चाहिए। परीक्षण में जल पर्याप्त (3 से 4 इंच) पानी का स्रोत यदि बताता है तो ही प्रस्ताव लिया जाना चाहिए।

### पार्षद और जनप्रतिनिधियों से करें चर्चा

निकाय मंत्री साव ने कहा कि प्रत्येक पानी टंकी की पानी वितरण व्यवस्था के लिये वार्ड के पार्षद, जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर व्यवस्था को सुदृढ़ कैसे किया जा सकता है उसका योजना तैयार कर मूर्त रूप दिया जाये। यह व्यवस्था आगामी जनवरी माह तक पूर्ण करने के लिये लक्ष्य निर्धारित किया जाता है। सभी संबंधित अभियंता योजनाबद्ध तरीके से कार्य करेंगे और समयबद्ध कार्य के लिए संबंधित ठेकेदार से समय सारणी लिया जाये। प्रत्येक पानी टंकी से वितरण पाईप लाईन का पुनः व्यवस्थित करने की आवश्यकता है। जिसके लिए सभी अभियंता अध्ययन कर व्यवस्था बनाएं।

# पुष्पक नगर मेन रोड किनारे नहीं लगेंगे सब्जी-फल ठेले और खोमचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत महापौर अलका बाघमार ने वार्ड क्रमांक 60 पुष्पक नगर मेन रोड का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, बाजार विभाग प्रभारी शेखर चंद्राकर एवं प्रभारी बाजार अधिकारी अभ्युदय मिश्रा, अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर,ईश्वर वर्मा,शशिकांत यादव उपस्थित रहे। महापौर ने सड़क किनारे अनियंत्रित रूप से लगाए गए अस्थायी सब्जी एवं फल बाजार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे सड़क पर दुकानें लगाना बंद करें और निर्धारित सीमित स्थान में ही ठेला या दुकान लगाएं, जिससे आम नागरिकों को आने-जाने में परेशानी न हो और यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

- महापौर बाघमार का दुकानों के बोर्ड सीमा क्षेत्र में लगाने और अतिक्रमण हटाने के आदेश

### ठेले खोमचों की वजह से अतिक्रमण

महापौर ने यह भी कहा कि नॉनवेज ठेले तत्काल हटाए जाएं और केवल शाकाहारी खाद्य सामग्री के ठेले लगाने की ही अनुमति दी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी दुकानें निगम की सीमा में आती हैं, उनके बोर्ड अनिवार्य रूप से अपने-अपने सीमा क्षेत्र के भीतर ही लगाए जाएं। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को तुरंत हटाने के आदेश भी दिए गए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में पुनः अतिक्रमण पाया गया तो संबंधित व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बाघमार ने मौके पर ही सीमा क्षेत्र को स्पष्ट करते हुए बताया कि स्मृति नगर बोर्ड तक दुर्ग नगर निगम की सीमा है और साइकिल रिपेयरिंग दुकान तक का क्षेत्र पुष्पक नगर के अंतर्गत आता है। इससे नागरिकों को क्षेत्र की वास्तविक सीमा की जानकारी भी दी गई।

# छग प्रभारी पायलट 18 सितम्बर को करेंगे सभा




हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट 18 सितम्बर को दुर्ग शहर में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत रैली और सभा को संबोधित करेंगे। इसी संदर्भ में कांग्रेस महामंत्री मलकीत सिंह गैदू दुर्ग पहुंचे। राजीव भवन में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक अरुण वोरा, दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व महापौर आर.एन. वर्मा, पूर्व महापौर धीरज बकलीवाल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिन अय्यूब खान एवं दीपक दुबे, दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी और दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के सभी प्रमुख कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

- आयोजन को लेकर कांग्रेस भवन में की गई मंथन बैठक

### जेएलएन अस्पताल में हेल्थ टॉक का आयोजन



**भिलाई।** जेएलएन अस्पताल में कार्डियक सर्जन व नारायणा हृदयालय लिमिटेड के संस्थापक एवं चेयरमैन, पद्मभूषण डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी द्वारा हेल्थ टॉक का आयोजन किया गया। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर प्रिवेंटिव हेल्थकेयर, लाइफस्टाइल मैनेजमेंट एंड द फ्यूचर आफ हेल्थकेयर डिलीवरी इन इंडिया विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यपालक निदेशक डॉ. रविंद्र नाथ सहित सीएमओ, डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. सौरभ मुखर्जी, डॉ. उदय कुमार व डीएनबी छात्र सहित चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक एवं विशेषज्ञ उपस्थित थे। स्मार्ट वाच पहनने और प्रतिदिन कम से कम 10 हजार कदम चलने की सलाह दी और कहा कि जहां संभव हो, लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का उपयोग करना चाहिए।

### नेक निर्णय की हुई सराहना

# मां-बेटे ने की देहदान घोषणा सांसद विजय ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

इस्पात नगर रिसाली निवासी शांति ढल्ले व उनके बेटे चमन ढल्ले ने अपनी स्वेच्छा से अपना शरीर दान करने की घोषणा की। उन्होंने इसके लिए फॉर्म भरा और मेडिकल कॉलेज में शरीर दान करने की मृत्यु उपरांत घोषणा की। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने सम्मान पत्र देकर दोनों को सम्मानित किया। आस्था संस्था की प्रेरणा से यह देहदान हुआ। सांसद बघेल ने कहा कि देश में मेडिकल कॉलेज एम्स जैसे हॉस्पिटल की संख्या बढ़ रही है। उसके साथ-साथ मेडिकल कॉलेज में बच्चों को पढ़ने के लिए शिक्षा के लिए रिसर्च करने के लिए मानव शरीर की आवश्यकता होती है। आस्था संस्था के माध्यम से पिछले 20 वर्षों से एक जन जागृति का काम संस्था कर रही है । जो सराहनीय है। शांति ढल्ले ने कहा कि हमारे शरीर से बच्चे प्रेक्टिकल कर शिक्षा ग्रहण करेंगे तो यह हमारे लिए बहुत ही पुण्य कार्य होगा। मैं ईश्वर से कामना करती हूं कि सभी लोग इस पुनीत कार्य के लिये सामने आए ताकि हमारे देश में बच्चे अच्छे डॉक्टर बनकर निकल सके।

# अधिकारियों के सहयोग से कई मुद्दों के समाधान में मिली सफलता : बंछोर

## ओए चुनाव में अध्यक्ष प्रत्याशी ने गिनाई उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी नरेंद्र कुमार बंछोर ने कहा है कि पिछली कमेटी ने सतत संघर्ष करे अधिकारियों के कई मुद्दों का समाधान किया है।

11 महीने के पर्क्स के एहेतु लंबा संघर्ष किया एवं न्यायालय से न्याय प्राप्त हुआ। हाईकोर्ट कोलकाता ने सितम्बर 2023 में अधिकारियों के पक्ष में आदेश पारित किया। सेफी के द्वारा कोरोना काल के पश्चात अधिकारियों के 11 महीने के पर्क्स के एरियर्स का केस जो कि हाईकोर्ट कोलकाता में वर्ष 2017 से लंबित था। सेफी और के प्रयास से इस्पात मंत्रालय, वित्त मंत्रालय से चर्चा कर 309.48 करोड़ रूपये का आबंटन पर्क्स एरियर्स भुगतान के लिए किया गया। 15 वर्षों बाद अधिकारियों को 11 माह के पर्क्स एरियर्स का भुगतान संभव हो सका। भुगतान सेवानिवृत्त सदस्यों को आवश्यक सहायता प्रदान की गई। ओए-बीएसपी ने पर्क्स एरियर्स पर आयकर राहत भी दिलवाई। श्री बंछोर ने कहा कि हमारे संघर्ष ने पेंशन स्कीम लागू कराने में सफलता प्राप्त की थी। पेंशन के बकाया राशि को अधिकारियों के पेंशन खाते में स्थानांतरित करने का प्रयास प्रारंभ किया। सेल प्रबंधन द्वारा अधिकारियों व कार्मिकों के पेंशन खाते में प्रथम किस्त के रूप में 2000 करोड़ रूपये का अंशदान की राशि जमा की गई। सेल पेंशन स्कीम के तहत एनपीएस में किए जाने वाले 3% अंशदान की राशि नियमित रूप से प्रतिमाह इस खाते में जमा की जा रही है।

### अधिकारियों का निलंबन वापस

एनके बंछोर ने बताया कि ओए के प्रयास से सेल के 28 वरिष्ठ अधिकारियों का निलंबन वापस हो सका। इन अधिकारियों के निलंबन वापसी के लि हमें इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी से लगातार बैठक की गई। अलावा अधिकारियों के मोबाइल फोन के रिअम्बर्समेंट राशि व खनिकर्मियों को नाईट शिफ्ट इंसीडेंटल एक्सपेंसेस में वृद्धि की गई। जेओ बैच 2008 व 2010 के तहत पे-अनामली पर सीपीएफ अंशदान का लाभ दिलाया गया। दिव्यांग अधिकारियों हेतु अतिरिक्त अवकाश के साथ ही ट्रांसपोर्ट एलाउंस प्रारंभ करवाया गया। प्रमोशन पालिसी को बेहतर बनाने हेतु रिव्यू करने की सहमति दी और ईपीएस-95 हायर पेंशन हेतु प्रयास हुए तेजः- ईपीएस-95 हायर पेंशन के लिए संघर्षसे कई इकाईयों ने पात्रता हासिल कर पाई। इसी कड़ीमें अन्य इकाईयों को पात्रता दिलवाने हेतु पीएफ ट्रस्ट के माध्यम से न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया। साथ ही केन्द्रीय मंत्रियों एवं सांसदों से मिलकर इस हेतु समानांतर प्रयास भी जारी है।

### स्टॉफ को मिले विशेष इंसेंटिव और बने चेंजिंग रूम

# सीटू का मेडिकल जोन सम्मेलन में लोगों ने रखी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन भिलाई सीटू के मेडिकल जोन का जोनल सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन के लिए संतोष कुमार पुष्टि व कौसर खान के दो सदस्यीयी अध्यक्ष मंडल का गठन किया गया। सम्मेलन में यूनियन के अध्यक्ष विजय कुमार जांगड़े, महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी, सहायक महासचिव टी जोगाराव व उपाध्यक्ष डीवीएस रेड्डी उपस्थित थे।जोनल सचिव संतोष कुमार ने पिछले तीन वर्षों में अस्पताल में किए गए गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

सम्मेलन में प्रतिनिधियों ने अस्पताल की समस्याओं पर कहा कि अस्पताल महिला कामगारों के लिए महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था नहीं है। आयुष्मान कार्ड से इलाज प्रारंभ हुआ है, जिसके एवज में मेडिकल स्टाफ को विशेष इंसेंटिव व रिस्क अलाउंस मिलना चाहिए । 39 महीने के एरियर, मिलने वाली छुट्टियां आदि विषयों पर भी चर्चा हुई। सम्मेलन में दिशा निर्देश के अनुसार जोनल सचिव संतोष कुमार द्वारा 21 सदस्यों की 21 सदस्यों वाली जोनल समिति को चुना गया। जोनल समिति में अजय देवगन, तुंबा नाथन, राकेश छाबड़ा, रमाशंकर, विमलेश कुमार, मुकेश वर्मा, चेतन सतवाने, अर्चना लाल, मनोज कुमार साह, केदारनाथ नाग, अजय कुमार आर्य, प्रकाश बोरकुटे, जितेन कुमार, अमित प्रकाश, सुनीता साहू, गुलशन साहू, तरुण कांति पाल, मीनाक्षी चरण, दीनदयाल योगी, प्रमोद, रश्मि एवं स्थाई आमंत्रित सदस्य कौसर खान, संतोष कुमार, संतोष प्रुष्टि शामिल है। अजय कुमार आर्य को संयोजक एवं मनोज कुमार शाह को उप संयोजक चुन लिया।

आगामी सामान्य सम्मेलन में भाग लेने के लिए चुन लिया। इनमें मनोज कुमार शाह, राकेश छाबड़ा, तुंबा नाथन, अमित प्रकाश, केदारनाथ नाग, जितेन कुमार, गुलशन साहू, दीनदयाल योगी, रश्मि एवं प्रकाश बोरकुटे शामिल हैं।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 15 सितंबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

04



खास दिखने साड़ी के साथ ऐसे करें ब्लाउज को स्टाइल

## लाइव इवेंट

### नई शिक्षा नीति पर विद्यार्थियों और शिक्षकों को अपडेट रहने दिया जोर



**भिलाई।** शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में राज्य स्थापना रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न आयोजन हुए। इस दौरान नई शिक्षा नीति के अनुरूप विधार्थियों और शिक्षकों को अपडेट रहने पर जोर दिया गया। जिससे विद्यार्थी न केवल डिग्री हासिल करें, बल्कि कौशल में भी पारंगत हो सकें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने लोक नृत्य से सबका मन मोह लिया और खूब तालियां बटोरी। विकसित भारत 2047 पर संगोष्ठी में विधायक रिकेश सेन और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। इस दौरान युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कार और गुरु शिष्य परंपरा का सम्मान रखने का आव्हान किया। उन्होंने विश्वविद्यालय तक संस्था के विकास के अपने अनुभव भी साझा किए। भिलाई में एजुकेशन हब के विकास की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार विद्यार्थियों के हित में कई नई योजनाओं पर कार्य कर रही है। नालंदा लाइब्रेरी और ई लाइब्रेरी की सौगात तो मिली ही है मेरा प्रयास एक बड़े स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का है जो शीघ्र मूर्तरूप लेगा। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों को प्रमाण पत्र और मेडल से सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में संस्था की प्रेसिडेंट डॉ जया मिश्रा ने कहा कि हमारी संस्था से ही कैंपस प्लेसमेंट की शुरुवात हुई है, पहले एक कंपनी आई थी अब तो साठ से अधिक कंपनियां हमारे विद्यार्थियों का चयन करने भिलाई आती हैं। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अनुरूप विधार्थियों एवं शिक्षकों को अपडेट रहने को कहा, जिससे विद्यार्थी न केवल डिग्री हासिल करें बल्कि कौशल में भी पारंगत हो जाये। कुलपति डॉ ए के झा ने भी विधार्थियों को संबोधित किया। कुलसचिव डॉ स्मिता सिलेट ने स्वागत भाषण दिया और राज्य स्थापना रजत जयंती पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी भी शिक्षक सम्मान में शामिल हुए। अंत में छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ गोविंद शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

- श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में रिकेश सेन ने किया शिक्षकों को सम्मानित

## सिटी इवेंट

### बुजुर्गों और आश्रितों को स्वच्छ रखने दी फिनाइल व अन्य सामग्री



**भिलाई।** सामाजिक संस्था दिशा द्वारा मानवता, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए पुलगांव, दुर्ग और सेक्टर 8 व सेक्टर 2 भिलाई स्थित वृद्धाश्रम और विक्षिप्त लोगों के आश्रय स्थल फील परमार्थ फाउंडेशन सेक्टर-3 भिलाई पहुँचे और वहाँ के बुजुर्गों और आश्रितों के लिए जरुरत के सामान वितरित किये। संस्था का यह अभियान केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह वहाँ रह रहे लोगों के जीवन में अपनापन और सम्मान का संचार करने का भी माध्यम बना। परिसर और शौचायल को स्वच्छ और संक्रमण मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से संस्था ने फिनाइल, डिटर्जेंट पाउडर और अन्य दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया। इस कार्य में महिला सदस्य विशेष उत्साह और आत्मीयता से सहभागी बनीं। उन्होंने सामग्री देते हुए वहां रह रहे वृद्धजनों और आश्रितों से आत्मीय संवाद भी किया। संस्था के अन्य सदस्यों में रामानुजन राजू, सुजीत चक्रवर्ती, भास्कर देवनाथ, उत्तम डे, नरसिम्हा राव, देबाशीष मजूंमदार, कल्याण राय, राजेश धारकर, जवाहर, शांतनु दासगुप्ता, के.सी. राव, प्रमोद खरालकर, मोहन गिरी, झरना रानी राय उपस्थित थे। संस्था के सदस्यों ने फील परमार्थ फाउंडेशन के व्यवस्थापक इंजीनियर अमित राज से चर्चा की। अमित में सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए वितरित की गई सामग्रियों का समुचित उपयोग कर आश्रय स्थल को और अधिक स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित बनाए रखने आश्वस्त किया।

इस दौरान टीम के वरिष्ठ सदस्य भास्कर देवनाथ ने कहा कि सेवा का सबसे बड़ा पुरस्कार किसी ज़रूरतमंद के चेहरे पर सच्ची मुस्कान देखना हैं। राजेश धारकर ने कहा कि वृद्ध और निराश्रितजनों की सच्ची मुस्कान टीम की शक्ति और प्रेरणा है, जो समाज को निरंतर सकारात्मक बदलाव की ओर ले जा रही है। डॉ सुरेश शर्मा ने कहा कि स्वच्छता है सेवा, सेवा है साधना और दिशा के संग बढ़े मानवता का कारवां स्लोगन के साथ सभी को उत्साहित किया।




### रामजी के जन्म का प्रसंग सुनने तृतीय दिवस में उमड़ा भक्तों का सैलाब, सभी पंडाल खचाखच भरे

# भये प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशिल्या हितकारी...स्तुति कर हुआ राम जन्मोत्सव, मिठाई व खिलौने बांटकर सभी के साथ मनाई खुशियां



**भिलाई।** आईटीआई मैदान, खुर्सीपार में जीवन आनंद फाउंडेशन भिलाई में आयोजित राजन महाराज के श्रीमुख से आयोजित श्रीराम कथा महिमा के तीसरे दिन मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जन्म की कथा हजारों की संख्या में रामभक्तों ने पहुँचकर श्रद्धा-भाव से श्रवण किया। भये प्रकट कृपाला दीन दयाला कोसल्या हितकारी, हरषित महतारी मुनि मन हारी, अद्भभुत रुप बिचारी राम स्तुति कर सोहर गीत गाए। इस दौरान मिठाई और खिलौने बांटकर बधाईयां बांटी। राम जन्म की कथा और भजनों को सुनकर भक्त भाव-विभोर हो उठे।इस अवसर पर कथा श्रवण करने दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर, भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, दुर्ग जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष पांडे सहित कई बीजेपी के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।



### भजनों में डूबे भक्त

इसके बाद श्रृंगी ऋषि पर्वत वशिष्ठ महाराज और राजा दशरथ द्वारा गए पुत्र कामना यज्ञ के बारे में रोचक तरीके से प्रसंग सुनाया, कैसे प्रभु ने अवतार लिया और माता कौशल्या को अपना विराट रूप दिखाया। उनके प्रसिद्ध भजनों पर श्रोता झूमते नजर आए। व्यासपीठ से महाराज ने श्रोताओं को राम जन्म पर मिठाइयां और खिलौने बांटे। साथ ही महाराज ने श्रोताओं को बताया कि आज रामकथा में वे प्रभु श्री राम के बाल रूप का वर्णन करेंगे। कथा के पश्चात आयोजकों द्वारा प्रसादी वितरण किया गया।

### पंडाल हुआ फुल, करनी पड़ी अलग व्यवस्था



कथा का क्रम जैसे जैसे आगे बढ़ रहा है श्रोताओं की तादात बढ़ती जा रही है। रविवार को छुट्टी होने के चलते आसपास सहित दूर-दराज से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। जिससे मुख्य पंडाल और साइड पंडाल पूरी तरह भर चुके था। 9 दिवसीय इस कथा में आने वाले दिनों में कथा में और भीड़ बढ़ने की संभावना है।

### कैलाश पर्वत से हुई कथा की शुरुआत

कथा के तीसरे दिन रविवार को पूज्य राजन महाराज ने प्रभु राम के अवतार लेने का दिव्य प्रसंग सुनाया। इस कथा की शुरुआत कैलाश पर्वत से हुई जहां वक्ता के रूप में भगवान शिव ने माता पार्वती को कथा सुनाया था। श्री राम के अवतार लेने के पांच कारण भी बताया। श्रीहरि विष्णु के द्वार में दो द्वारपाल जिनका नाम जय विजय था उनके प्रसंग का भी वर्णन किया। दूसरे कारण के रूप में तुलसी माता के पिछले जन्म में वृंदा नाम, जालंधर को श्राप और भगवान शालिग्राम की कथा सुनाई। तीसरे कारण के रूप में नारद द्वारा दिए गए श्राप का प्रसंग विस्तार सुनाया कि कैसे नारद के दो श्राप भगवान राम को लगे। जिसमें एक वानर ही उनके काम आएंगे, दूसरा श्राप के रूप उन्हें सीता के वियोग का सामना का प्रसंग सुनाया। चौथे कारण रूप में तेईस हजार वर्षों के तपस्या के परिणाम स्वरूप मनु को आशीर्वाद दिया कि अगले जन्म आपके घर बाल रूप में जन्म लूंगा। पांचवे कारण के रूप में रावण के जन्म के प्रसंग बताया जिसमें रावण ने ब्रह्मा से वरदान मांगा कि मेरी मृत्यु केवल मनुष्य और वानर द्वारा हो।



## पेंटिग, रंगोली, व्यंजन मेला और लोक गीत- नृत्य में दिखाई प्रतिभा, रजत जयंती पर हुए पुरस्कृत

**भिलाई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चीचा विकासखंड धमधा दुर्ग में छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर चित्रकला, रंगोली, प्रश्नमंच, पारंपरिक व्यंजन मेला, लोक गीत और नृत्य, पारंपरिक वेशभूषा सहित कई प्रतियोगिताएं कराई गई। जिसमें शाला के सभी विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक प्राचार्य जी पी देशलहरे, व्याख्याता टी सी मार्कंडेय, अशोक साहू द्वारा किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम श्रद्धा बंजारे और टीम, चित्रकला में प्रथम नीहारिका वर्मा, प्रश्न मंच में प्रथम शिवानी वर्मा विजेता रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य दवरा सभी व्याख्याताओं और शिक्षकों व विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ रजत जयंती की शुभकामनाएं दी गई।




कार्यक्रम में प्राचार्य जी पी देशलहरे, सांस्कृतिक प्रभारी तमन्ना याकूब, नीता तिवारी, शोभा तिवारी, आयुर्वेदिक डॉ सोनिया हीरशिरकर, कमला डौंडे, व्याख्याता हेमंत शर्मा, ऐश्वर्य सोनवानी, लोचन कुमार डहेरिया, अंजू मनसाना, पूनम सिंह, दीपक साहू, त्रिवेणी नेताम सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्रमुख इमारतों के विशिष्ट डिजाइन करने शिल्पकला में योगदान को सराहा



**भिलाई।** शिल्पकार हाजी एमएच सिद्दीकी ने मुस्लिम धार्मिक गुरू हजरत अल्लामा मौलाना सैय्यद मुहम्मद अहरार आलम वफ़ा शहबाजी से मुलाकात कर उन्हें अपनी किताब 'तामीर ए मस्जिद मदरसा व मज़ारात' भेंट की। अहरार आलम ने हाजी सिद्दीकी की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि मस्जिद मदरसा व मज़ारात के निर्माण पर जानकारी का बहुत ही आसान तरीका और बनावट की बारीकियों को दिया गया है, यह किताब ऐसे तामीरी काम के दौरान एक गाइड का काम कर सकती है। उन्होने हाजी सिद्दीकी के शिल्पकला के प्रति योगदान की सराहना की। इस दौरान जामा मस्जिद सेक्टर-6 के ईमामो खतीब इकबाल अंजुम हैदर और भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर मिर्जा आसिम बेग सहित कई आलिमे दीन मौजूद थे। हाजी एमएच सिद्दीकी विगत 4 दशक से स्थापत्य कला के क्षेत्र में एक जाना पहचाना नाम है और उन्होंने अब तक छग-मप्र के अलावा देश के विभिन्न हिस्सों में मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा सहित कई प्रमुख इमारतों का निर्माण अपनी विशिष्ट डिजाइन पर करवाया है।

### मास्टर शेफ स्पर्धा में दिखा उत्साह, विजेताओं को किया गया सम्मानित

कार्नर न्यूज

# पुरुषों ने बनाया दक्षिण भारतीय भोजन, महिलाओं ने किया गाइड, मिला मास्टर शेफ का खिताब



**भिलाई।** न्यू खुर्सीपार स्थित अग्रसेन भवन में अग्रवाल सेवा समिति, महिला समिति और अग्रसेन युवा मंच द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव की शुरुआत रविवार को की गई। जिसमें 11 जोड़ों ने दक्षिण भारतीय भोजन इडली, डोसा, कर्ड राइस और एक मीठा आयटम बनाकर परोसा। प्रतियोगिता में पति-पत्नी, मां-बेटा, पिता-पुत्री, देवर-भाभी, भाई-बहन की जोड़ी ने टीवी शो की तरह शामिल हुए और निर्धारित समय पर कुकिंग करने जोर देते रहे। प्रतिभागियों ने अपनी पाक कला का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया। इस अवसर पर स्व. सीताराम गर्ग की स्मृति में चौथे वर्ष मास्टर शेफ की प्रतियोगिता कराई गई।





### प्रतियोगिता के यह रहे विजेता

स्पर्धा में पुरुषों ने खाना बनाया और महिलाएं सिर्फ गाइड करती रहीं। स्पर्धा में मनोज- संध्या अग्रवाल प्रथम, प्रतीक व पलक अग्रवाल की जोड़ी द्वितीय रही। प्रतियोगिता में जज टीना खंडेलवाल, हिना और सिद्धार्थ, आर्य जैन रहे। सांस्कृतिक समिति के चेयरमैन पवन अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में दिव्य ज्योति संस्थान, जामुल से आए दिव्यांग बच्चों का अग्रवाल सेवा समिति ने सम्मान किया। साथ ही उन्हें 20 पंखे स्कूल में के लिए भेंट किए। इस मौके पर अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, महासचिव रतनलाल अग्रवाल, महादेव बंसल, अशोक बंसल, शिरीष अग्रवाल, सुंदर गुप्ता, श्रीभगवान अग्रवाल, घनश्याम दास अग्रवाल, शंकरलाल अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, समीर अग्रवाल, महिला समिति अध्यक्ष संगीता अग्रवाल, प्रेमा गर्ग उपस्थित रहे।

### भिलाई के न्यू खुर्सीपार में अग्रसेन जयंती महोत्सव

मास्टर शेफ प्रतियोगिता में दिखा उत्साह, विजेताओं को किया गया सम्मानित इस मौके अध्यक्ष संतोष अग्रवाल जी महासचिव रतनलाल अग्रवाल जी सचिव श्री अग्रवाल संस्कृत अध्यक्ष पवन अग्रवाल उपाध्यक्ष घनश्याम दास जी अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामनाथ जी अग्रवाल सुंदर गुप्ता जी उमा शंकर जी तोताराम जी अग्रवाल युवा मंच अध्यक्ष निखिल अग्रवाल महिला समिति के अध्यक्ष संगीता अग्रवाल महासचिव प्रेम गर्ग समेत आदि रहे।



सिटी इवेंट

## हौसला अफजाई से खिले होनहार बच्चों के चेहरे



**भिलाई।** मुस्लिम महिलाओं के संगठन हजरत बीवी फातिमा जोहरा कमेटी ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी के सिलसिले में सम्मान समारोह व तकरीर का आयोजन जामा मस्जिद सेक्टर-6 के सामुदायिक भवन में किया। इस दौरान दुरूद ख्वानी व फातिहा ख्वानी हुई। वहीं आलिमा गुलनिशां से पैगम्बर हजरत मोहम्मद की तालीम से जुड़ी बातें बताईं। इस दौरान प्राइमरी से हायर सेकंडरी तक की विभिन्न कक्षाओं में 90 फीसदी और उससे ज्यादा अंक लाने वाले और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों बच्चों को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन बच्चों में मनहा फातिमा रूआबांधा, मोहम्मद फजल रजा सेक्टर-2, सारा खान, मनाहिल, समीर, मोहम्मद रेयान समीर, अरहाम, नोमान, मोहम्मद रेहान, अरशद अली, उम्मू सदफ, शमीम सदफ, आयशा बानो, रिदा फिरदौस, अरहाम और मोहम्मद अनस शामिल हैं। आखिर में लंगर तकसीम किया गया। आयोजन को सफल बनाने में शाहीन खान, नसीम सुल्ताना,कौसर, अक्सा अली, शबनम खान, रुखसाना हारून, सईदा, शबनम अली, ज़रीना, शाइस्ता, शीरीन निज़ामी, सीमा जावेद, आयशा बेगम, कमरून, शाकिबा, रेहाना परवीन, सायरा, अकीला, रुखसार, सीमा खान, जकिया, शमीम, अज़रा, समरा नसीम, रूही, रजिया और फ़रज़ाना अली सहित अन्य लोगों की भागीदारी रही।

■ हजरत बीवी फातिमा जोहरा कमेटी का जश्ने ईद मिलादुन्नबी सम्मान समारोह



- जन समर्पण सेवा संस्था कर रही पितृपक्ष में भोजन सेवा

# पूर्वजों की याद में असहाय और बुजुर्गों को करा रहे हैं भोजन

# दिव्यांगों को सहारा देने बैसाखी और स्टिक देकर लाई मुस्कान

**भिलाई।** पितृपक्ष में अपने पूर्वजों का श्राद्ध करने के लिए विभिन्न तरह के कर्मकांड के साथ गरीबों को भोजन कराने का विधान है। लोग अपनी क्षमता अनुसार घर-परिवार में भोजन भी कराते हैं, लेकिन दुर्ग में एक संस्था ऐसी है जहां 9 साल से लगातार गरीब, असहाय, बेसहारा, वृद्धजन, दिव्यांगों को निःशुल्क भोजन कराया जाता है। यहां श्राद्ध पक्ष के दौरान भोजन कराने के लिए लोग सेवा करने रोज पहुंचकर अपने पितरों की याद में श्राद्ध पक्ष में अपने हाथों में भोजन परोसकर पित्रों की आत्मा को शांति दे रहे हैं।

साथ ही पितृ पक्ष में ही दो दिव्यांगों को बैसाखी और स्टिक देकर सहारा देने सेवा कार्य किया गया है। जन समर्पण सेवा संस्था दुर्ग में जहां श्राद्ध पक्ष में पितरों की याद में भोजन कराने के लिए लोग आते हैं। अपने बुजुर्गों, दिवंगत परिजनों की श्राद्ध तिथि पर गरीबों, बुजुर्गों, दिव्यांगों को भोजन कराने के लिए लोग आगे बढ़कर सहयोग भी कर रहे है। जहां भोजन करने वाले और भोजन परोसने वालों को सुकून और आत्मिक संतुष्ठि मिल रही है। इसलिए लोग यहां समिति सदस्यों से संपर्क कर श्राद्ध पक्ष में एक दिन का भोजन कराने के लिए नाममात्र की आर्थिक सहयोग राशि देकर लगभग 200 जरुरतमंद लोगों को भोजन कराने रोज पहुंच रहे हैं।







### दो दिव्यांगों को मिला बैसाखी का सहारा



इस पितृपक्ष में शहर के फ़ुटपाट में जीवन यापन कर बिना बैसाखी के रोड में घिस घिस कर चलने वाले दो दिव्यांग जनों को बैसाखी का वितरण भी किया गया। बैसाखी मिलने से अब वे अपने खुद के सहारे जीवन यापन कर सकेंगे। साथ ही पितृपक्ष में भोजन के साथ कई सहयोगियों ने साबुन, निरमा, तेल, बिस्किट का वितरण भी जरुरतमंदों को किया।

### जरुरतमंदों को रोज निःशुल्क भोजन का वितरण

संस्था द्वारा दुर्ग के विभिन्न स्थानों सहित सबसे प्रमुख स्थान दुर्ग रेलवे स्टेशन में रोज लगभग सौ से अधिक जरुरतमंदों को निःशुल्क भोजन वितरण किया जाता है, इसके साथ ही दुर्ग के बस स्टैंड, चंडी चौक, तमेरपारा, लुचकी तालाब, पुराना बस स्टैंड, पोलसाय पारा, समृद्धि बाजार जैसे विभिन्न स्थानों में फुटपाथ या टूटी फूटी झोपड़ी में रहने वाले गरीब, असहाय, दिव्यांग जनों को रोज रात को भोजन वितरण का कार्य किया जा रहा है।



**श्राद्ध पक्ष में रोज बुकिंग कर पहुंच रहे लोग :** श्राद्ध पक्ष के दौरान जरुरतमंद लोगों को भोजन कराने के लिए दुर्ग सहित अन्य स्थानों से लोग अपने दिवंगतों की याद में पितृपक्ष के दौरान श्राद्ध के लिए भोजन कराने पहुंचते हैं। पितृपक्ष में हर जरुरतमंदों को दुर्ग स्टेशन में बैठाकर पत्तल में चावल, दाल, सब्जी, पूड़ी, बड़ा, मिठाई, नमकीन आदि भोजन में परोसा जा रहा है जिसे पाकर हर जरुरतमंदों के चेहरे में खुशी दिखाई दे रही है। रोजाना भोजन खिलाने का काम सदस्य निस्वार्थ भाव से कर रहे है।

### सर्वे कर बाकायदा पूरी सूची की तैयार

सदस्यों ने बताया कि जो गरीब, असहाय, बुजुर्ग, दिव्यांग, बेघर स्टेशन तक नहीं आ सकते हैं, ऐसे लोगो का पूर्व में सर्वे कराकर बाकायदा पूरी सूची तैयार की गई है। इन लोगों को भोजन उनके स्थान तक पहुंचाया जा रहा है। संस्था ने खुद के वाहन भी रखे हैं और स्वयं सेवक खुद अपने हाथों से भोजन देने जाते हैं।

### जूठी पत्तल और साफ-सफाई कर वापसी

संस्था के युवाओं द्वारा गिरते पानी में भी यह सेवा नहीं रोकी जाती। रेनकोट पहनकर भोजन लेकर निकल जाते है सभी स्थानों में भोजन वितरण किया जाता है। जिसके बाद सदस्य प्रतिदिन भोजन वितरण के बाद जूठे पत्तल को उठाकर कचरा डब्बा में डालकर साफ सफाई कर वापस जाते है। जिसे देखकर शहर के अन्य लोग भी सेवा के कार्य करने आगे आ रहे है।

संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, आशीष मेश्राम, राजेंद्र ताम्रकार, सुजल शर्मा, संजय सेन, अख्तर यासनी, अर्जित शुक्ला, मृदुल गुप्ता, दद्दू ढीमर, हरीश ढीमर, शुभम सेन, सचिन, ईशान शर्मा, शाहबाज, पाकीजा, बिट्टू खान, सब्बीर खान, अंकेश पेशवानी, ऋषभ श्रीवास्तव सहित अन्य प्रतिदिन सेवा दे रहे है।

समाज इवेंट

## विश्वकर्मा जयंती पर प्रतिभावान और वयोवृद्ध होंगे सम्मानित



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कन्नौजिया स्वर्णकार समाज दुर्ग द्वारा 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई जायेगी। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया जायेगा। आयोजन को लेकर छत्तीसगढ़ कन्नौजिया स्वर्णकार समाज दुर्ग के कार्यकारिणी सदस्यों की आवश्यक बैठक सामाजिक भवन नयापारा दुर्ग में आयोजित की गई। जिसमें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार को भगवान विश्वकर्मा की जयंती और पूजन कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा करते हुए जयंती को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

**प्रतिमा होगी स्थापित :** एक दिवसीय आयोजन में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना व साज-सज्जा के साथ ही वृहद स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक भवन नयापारा दुर्ग में किया जायेगा। जिसमें सामाजिक सदस्यों की उपस्थिति में सुबह 9 से 11 भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर विधिवत पूजा अर्चना की जायेगी। दोपहर 1 से 4 बजे तक भोग और भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर 10वीं , 12वीं और स्नातक के प्रावीण्य प्राप्त बच्चों और वयोवृद्ध महिलाओ का सम्मान सामाजिक स्तर पर दोपहर 2 से 3 बजे तक, रामायण पाठ मंडली का आयोजन 3 बजे से किया जायेगा।

**होंगी कई प्रतियोगिताएं :** संदीप स्वर्णकार ने बताया कि विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर महिलाओं और युवतियों के लिए मेहंदी प्रतियोगिता शाम 4 बजे से 5 बजे तक होगा। विजेताओं को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत भी किया जायेगा। सभी प्रतियोगिता निशुल्क रखी गई है। बैठक में छग कन्नौजिया स्वर्णकार के अध्यक्ष सूरज स्वर्णकार, उपाध्यक्ष विवेक सोनी, सचिव सुनील स्वर्णकार, सहसचिव अनिल, सुरेश सोनी, मनीष सोनी सहित समाज के अन्य सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

आयोजन

## हिंदी में माफी मांगना एक कला, जो सभ्यता का प्रतीक, ड्रामा में बताया हिंदी दिवस की महत्ता



**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हाउसिंग बोर्ड एचआईजी में हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष ड्रामा के द्वारा हिंदी का महत्व बताया गया। हिंदी हमारी अच्छी भाषा है... हिंदी सरल, सहज और संस्कारी है। ड्रामा में अंग्रेजी में बड़ों को छोटो को यू करके बात करते हैं... लेकिन हिंदी में आप संबोधन अपने आप में दिव्य और महान है। इस दौरान बीके बहनों ने बताया कि माफी मांगना भी हिंदी में एक कला है जो सभ्यता का प्रतीक है, लेकिन अंग्रेजी में एक सॉरी शब्द बोल दो और सब ठीक है के विषय में आंकलन कर बताया गया। उन्होंने कहा कि आज यह कहते हुए बड़ा दुख होता है कि आज की पीढ़ी को हिंदी की संख्या भी याद नहीं यदि उनसे पूछा जाए की 19 क्या होता है तो बता नहीं पाएंगे। वही यदि अंग्रेजी में बोला जाए तो फट से बता देते हैं तो यह है हमारे आज की पीढ़ी। जो हमने उन्हें अंग्रेजी के ऊपर में ठोक रहे हैं, भले विश्व व्यापी भाषा अंग्रेजी है लेकिन हमारी राष्ट्रीय भाषा एवं मातृभाषा तो हमें आनी ही चाहिए।

ब्रह्माकुमारी मनीषा के द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर सभी को शपथ भी दिलाते हुए कहा कि हम अपनी भाषा में सुधार भी लायेंगे, साथ ही अपने संस्कृति पर गर्व महसूस करें। कुछ भी हो जाए लेकिन हम अपनी संस्कृति को नहीं छोड़ेंगे। तेरा मेरा छोड़कर एक ही बात पर अडीक रहेंगे कि हम सब एक है एक पिता की संतान है। हम यह समझे कि मैं एक आत्मा हूं और एक परमात्मा की संतान है। हम सब तो भाषाओं का जो झगड़ा है वही खत्म हो जाए सबसे सर्वश्रेष्ठ यदि भाषा है तो वह है नैनो की भाषा, संकल्प और भावों की भाषा। जिसने सीख ली तो उसे तेरा मेरा यह सब के चक्कर में ना जाकर के एक परमात्मा नगर में मस्त रहे। उन्होंने यह भी कहा कि परमात्मा से कनेक्शन जोड़ेंगे तो हम सब एक अच्छे स्वस्थ समाज को सृजन कर पाएंगे। हिंदी दिवस के अवसर पर विशेष कमेंट्री के द्वारा योग कराया गया।

स्वास्थ्य परीक्षण

## नि : शुल्क स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं ने कराई जांच, विशेषज्ञों ने दी सलाह



**भिलाई।** सेक्टर 9 हॉस्पिटल के द्वारा गरीबों के लिए चेकअप करने के लिए एक शिविर का आयोजन भिलाई महिला समाज के माध्यम से किया गया। इस शिविर के दौरान सैकड़ो महिलाओं ने स्वास्थ की जांच कराकर विशेषज्ञ डाक्टर से सलाह ली। जिसमें महिला समाज की वर्गास प्रेसिडेंट मौली चक्रवर्ती, समिता गिरी, पूनम कुमार, रेणुका रवींद्रनाथ, विशेष अतिथि ईडी सेफ्टी रांची निशा श्रीवास्तव, कोर कमेटी के सदस्य और पदाधिकारी में सोनाली रथ, संयुक्त सचिव चैती पाल, शिखा जैन, कोषा अध्यक्ष रीता तिवारी, मिशन लक्ष्मी, रूखसाना शेख, एम. सुधा, एम. सपना, बबीता, नीलिमा साहू और रागिनी शर्मा ने इस कार्यक्रम में सहयोग किया। सगस्यों ने बताया कि समय समय पर महिला समिति द्वारा हेल्थ कैंप लगाए जाते है जिससे लोग अपनी हेल्थ के प्रति सजग रहे।

**भिलाई महिला समाज ने किया सहयोग**



## रजत जयंती पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता



**भिलाई/पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन में छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार रजत जयंती समारोह मनाया गया। इसके अंतर्गत प्रश्नोत्तरी क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम अरसनारा में छत्तीसगढ़ राज्य की उपलब्धि एवं योजनाओं के संबंध में जागरूकता रैली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता का प्रारंभ प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा के उद्बोधन व आशीर्वचन के साथ हुआ। प्रतियोगिता के संयोजक जितेंद्र कुमार मंडावी ने प्रतियोगिता के नियम एवं शर्तों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। प्रतियोगिता में ग्रुप सी के दीक्षा, त्रियोम, शताक्षी नायक, हर्षिता भूमिका की टीम उपविजेता एवं ग्रुप डी में योगिता, पुष्पांजलि, पायल, साहू गीतांजली, रोशन की टीम विजेता रहे। डॉ. उगेंद्र कुर्रे के संयोजन में पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष के विकास यात्रा को अभिव्यक्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की छात्रा विभा देवांगन व द्वितीय तारकेश्वर पीजीडीसीए एवं तृतीय ईशा निषाद एमएससी थर्ड सेमेस्टर भौतिक रही।

कार्नर न्यूज

प्रतिभाशाली विद्यार्थी किए जाएंगे सम्मानित,अग्रवाल समाज दुर्ग द्वारा तैयारी अंतिम चरण पर

# अग्रसेन जयंती समारोह 16 से, शोभायात्रा, खेल प्रतियोगिताएं व आनंद मेला होंगे प्रमुख आकर्षण

**दुर्ग।** महाराजा श्री अग्रसेन जयंती की शहर में सप्ताह भर धूम रहेगी। जयंती समारोह को यादगार बनाने अग्रवाल समाज दुर्ग द्वारा 16 से 22 सितंबर तक कई खास आयोजन किए गए हैं। जिनमें धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा शोभायात्रा, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान, मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएं, आनंद मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहेंगे, वहीं समारोह में मानव सेवा एवं गौ सेवा के कार्यों को भी समाज द्वारा मूर्तरूप देकर सेवा की मिशाल प्रस्तुत की जाएगी। जयंती समारोह पर 21 सितंबर को दोपहर 3 बजे अग्रसेन भवन, अग्रसेन चौक स्टेशन रोड से महाराजा अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा को मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल अग्रध्वज दिखाकर रवाना करेंगे। शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर शोभायात्रा के गंजपारा पहुंचने पर समापन होगा। 22 सितंबर को जयंती समारोह के समापन पर शाम 5 बजे गायत्री पैलेस, धमधा रोड में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि होंगे। श्री अग्रवाल प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को महाराजा अग्रसेन मेरिट अवार्ड से सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाएंगे। यह सम्मान कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं, बारहवीं, महाविद्यालयीन व व्यावसायिक पाठ्यक्रम परीक्षाओं में मेरिट आने वाले विद्यार्थियों को प्रदान किए जाएगे। समापन समारोह को छोड़कर शेष सभी कार्यक्रम अग्रसेन भवन, अग्रसेन चौक स्टेशन रोड दुर्ग में आयोजित होंगे।



### समाज के लोगों के लिए होंगे विभिन्न मनोरंजन प्रतियोगिताएं

आयोजन की तैयारी में श्री अग्रवाल समाज के अलावा समाज की सहयोगी संस्था महिला मंडल, युवा मित्र मंडल और यूथ क्लब के पदाधिकारी व सदस्य जुटे हुए हैं। यह जानकारी अग्रवाल समाज दुर्ग के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने दी है। इस दौरान समाज के संरक्षक सुधीर अग्रवाल, कैलाश रुंगटा, महासचिव ललित सक्सेरिया, कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल (कीर्तुका), सचिव दीपक बंसल, मीडिया प्रभारी मनोज अग्रवाल मौजूद रहे। अग्रवाल समाज दुर्ग के संरक्षक सुधीर अग्रवाल और कैलाश रुंगटा ने बताया कि जयंती समारोह की शुरुआत 16 सितंबर को सुबह 11 बजे महाराजा अग्रसेन जी की पूजा अर्चना के साथ होगी। पूरे सप्ताह भर समाज के लोगों के लिए विभिन्न मनोरंजन प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए हैं। जिनमें मेमोरी गेम, ग्लास बॉल गेम, पिटटुल, स्लो साइकिल रेस, फैशन शो, सरप्राइज गेम, 1 रुपए एक ईट सजाओ, फ्रॉक रेस, ट्राई साईकिल रेस, मारवाड़ी संस्कार के सितारे, बाधा दौड़, बॉडी पार्ट्स, कैनवस पेंटिंग, ग्लास गेम, गीता का श्लोक सुनाओ, तेरी बचपन मेरी यादें, भोग की थाली सजाओ, वाटर रिले रेस, आओ भवन सजाओ, म्यूजिकल चेयर, भुट्टे के छिलके का आर्ट, टीवी कमर्शियल, अग्रसेन जयंती का बैनर बनाओ, बैडमिंटन बेलेसिंग, अग्र फिटनेस, ताल से ताल मिलाओ, सरप्राइज गेम, कपल गेम, मास्क पेंटिंग, पेपर क्योंलिंग आर्ट, क्विज, अग्रसेन की माला बनाओ सहित अन्य प्रतियोगिताएं शामिल है।

### देंगे गौ संरक्षण का संदेश

प्रतियोगिताओं के संचालन के लिए प्रभारी भी बनाए गए हैं। 20 सितंबर की शाम 5:30 बजे आनंद मेला का आयोजन किया गया है। अग्रवाल समाज दुर्ग के संरक्षक सुधीर अग्रवाल एवं कैलाश रूंगटा ने बताया कि अग्रवाल समाज मानव सेवा और गौ सेवा में हमेशा अग्रणी रहा है। जयंती समारोह में 20 सितंबर को सुबह 10 बजे युवा मित्र मंडल द्वारा पुलगांव चौक गोकुल नगर स्थित गौठान में गौ सेवा कर गौवंश के संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। समाज के पंकज अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, दीपक बंसल ने बताया कि सेवाभावी कार्यों के क्रम में अग्रवाल समाज व यूथ क्लब के संयुक्त बैनर तले पिछले सप्ताह ही जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान कर मानव सेवा की सामाजिक दायित्वों से जुड़े सरोकार को मूर्त रूप दिया गया था।

## सिटी स्पोर्ट्स

### कॉस्मो प्रीमियर लीग में रन रेडर्स बने चैम्पियन



**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मोपॉलिटन द्वारा बहुप्रतीक्षित कॉस्मो प्रीमियर लीग (सीपीएल) का आयोजन मधुबन क्रिकेट ग्राउंड, वीआईपी रोड, रायपुर में शानदार तरीके से किया गया। 50 से अधिक खिलाड़ियों का चयन बोली प्रणाली (बिडिंग सिस्टम) के माध्यम से किया गया और उन्हें चार टीमों में विभाजित किया गया। पिच पायरेट्स (टीम ओनरः अंकित जिंदल), रन रेडर्स (टीम ओनरः दीपक केडिया), स्काई स्ट्राइकर्स (टीम ओनरः सिद्धार्थ अग्रवाल), स्ट्राइक फोर्स (टीम ओनरः धनराज बनर्जी) टूर्नामेंट की शुरुआत रोमांचक मुकाबलों से हुई। पहले मैच में रन रेडर्स ने स्ट्राइक फोर्स को हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे मैच में स्काई स्ट्राइकर्स ने पिच पायरेट्स को पराजित किया। शानदार फाइनल मुकाबले में रन रेडर्स ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए स्काई स्ट्राइकर्स को हराया। टीम के मालिक रोटेरियन दीपक केडिया और कप्तान दीपक खटवानी ने ट्रॉफी उठाई और सीपीएल 2025 का खिताब अपने नाम किया। विशेष पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ आशीष नथानी, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़सौरभ सोनी, सर्वश्रेष्ठ फील्डर आशीष अग्रवाल, मैन ऑफ द मैच (क्रमशः) दीपक केडिया,आशीष नथानी,अभिषेक माणिक,मैन ऑफ द सीरीज़ः दीपक केडिया,बेस्ट आइकॉनिक प्लेयरः राहुल मिश्रा और बेस्ट व्हाट्सएप एंटरटेनर अभिषेक माणिक रहे।

### रिकुर्वे इवेंट में राज ने हासिल किया ब्रांज मेडल




**रायपुर।** पटना (बिहार) में 12 से 14 सितंबर तक आयोजित खेलो इंडिया एन टी पी सी जोनल ओपन अर्चेरी टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ की ओर से रिकुर्वे इवेंट में खेलते हुए राज सोरठे ने ब्रांज मेडल के साथ 10 हजार रुपये का इनाम हासिल किया। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री व खेल मंत्री अरुण साव, तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका सहित छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के पदाधिकारियों ने राज सोरठे को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### डीडीसीए के अंडर-16 वर्ग के चयनित खिलाड़ी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ(सीएससीएस) रायपुर के खेल कैलेंडर 2025 निर्देशानुसार, दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) द्वारा सत्र 2025 के अंडर 16 के क्रिकेट खिलाडियों का ट्रायल रविवार को 9:00 बजे सुबह पं रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में आयोजित किया गया। चयन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के आब्जर्वर मोहम्मद तस्लीम, सचिव प्रमोद पारख, मुख्य चयनकर्ता आशीष सूर्यवंशी, चयनकर्ता, शमीम मिर्ज़ा, गुरमीत भोगल, कौशल वर्मा, ट्रायल कोऑर्डिनेटर सुरेश साहू, ओम साहू, कोच-ट्रेनर इन्दर कौर, कोंडल राव, रवि चौबे, भारत सोनी और मो. रिजवान की देख रेख में किया गया। ट्रायल में दुर्ग जिला के विभिन्न जगह– दुर्ग, भिलाई, बालोद, रायपुर, दल्ली-राजहरा, कुम्हारी और पाटन के 49 खिलाडियों ने ट्रायल्स में भाग लिया। अंडर 16 के चयनित खिलाड़ी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के ट्रेनिंग कैंप, सिलेक्शन मैच एवं बोर्ड टूर्नामेंट में भाग लेंगे। अंडर 16 के चयनित खिलाडियों में वेदांत पांडेय, विश्वदीप साहू, हेमंत साहू, शक्ति श्रीवास, मो हन्नान कुरैशी, अर्हम जैन, दर्शील साहू, जैकी चौधरी, सौरभ भारती, धैर्य नीरजा, छायांश रावत, वंश सोनकर, संगम सिंह भाटिया, आदित्य पांडा, कृतिवास चव्हाण, कृष्ण रंजन चंद्राकर, जावेश साहू, अभय बेसफोर, संदिपक यादव, अंश अग्रवाल, अक्षय पटेल, वंश अग्रवाल, रुद्र प्रताप साहू, भव्य पीयूष नरशिहे और यश साहू शामिल हैं।


### चेस फेडरेशन के सदस्य ने शतरंज खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित

**रायपुर।** भारतीय शतरंज महासंघ के निर्देशन अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा बेबीलॉन इन रायपुर में आयोजित सात दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण शिविर जारी है। तीसरे दिन शनिवार को विशेष अथिति रंजन मोहंती सहायक संचालक इनकम टैक्स विभाग, बिलासपुर रेंज , पूर्व सहसचिव भारतीय चेस फेडरेशन, वर्तमान में इवेंट कमीशन भारतीय चेस फेडरेशन के सदस्य उपस्थित थे।

## आयुर्वेद में है आसान तरीका, संक्रामक रोगों से भी मिलेगी सुरक्षा

# अपना लिवर डिटॉक्स कर कंट्रोल कीजिए डायबिटीज , शरीर को होंगे और भी कई फायदे

हमारे घरों में कई ऐसी चीजें आसानी से उपलब्ध होती हैं, जिन्हें वर्षों से सेहत को बेहतर बनाए रखने के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है। घरेलू उपायों वाली ऐसी कई चीजों को मेडिकल साइंस ने भी प्रमाणित किया है। नीम की पत्ती ऐसी ही एक अत्यंत फायदेमंद औषधि है जिसे संक्रामक रोगों से बचाव के लिए प्रयोग में लाया जाता रहा है। तमाम अध्ययनों में भी शोधकर्ताओं ने प्रमाणित किया है कि अगर रोजाना नीम की कुछ पत्तियों का सेवन किया जाए तो इससे पूरे शरीर को कई प्रकार से लाभ हो सकता है। हम अक्सर अपने माता-पिता और दादा-दादी को इन पत्तियों के औषधीय गुणों के बारे में बात करते हुए सुनते आ रहे हैं, पर क्या आप जानते हैं कि यह किस-किस प्रकार से हमारी सेहत के लिए फायदेमंद है?



### त्वचा की बीमारियां होती हैं दूर

नीम की पत्तियों में कई ऐसे औषधीय गुणों के बारे में पता चलता है जो इसे त्वचा की बीमारियों और संक्रमण को कम करने में कारगर बनाती है। नीम में एंटी-इंफ्लामेटरी, जीवाणुरोधी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो इसे त्वचा की विभिन्न समस्याओं जैसे मुंहासे से राहत दिलाने और त्वचा में इंफ्लामेशन को कम करने के लिए प्रभावी बनाते हैं। नीम के तेल में त्वचा की लोच और चमक बनाए रखने के लिए एंटी-रिंकल और एंटी-एजिंग प्रभाव वाले आवश्यक फैटी एसिड और विटामिन भी होते हैं।

### संक्रामक रोगों से मिलती है सुरक्षा

नीम का एक महत्वपूर्ण चिकित्सीय उपयोग रक्त शोधक के रूप में है। यह फ्री रेडिकल्स को खत्म करने, हार्मोन को नियंत्रित करने और प्रतिरक्षा को बढ़ाकर समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए भी कारगर पाया गया है। नीम का उपयोग विभिन्न हर्बल फॉर्मूलेशन में रक्त प्रवाह से विषाक्त पदार्थों को हटाने और लिवर को ठीक रखने के लिए भी किया जाता रहा है। नीम बार-बार होने वाले संक्रमण और बीमारियों से लड़ने में मदद कर सकती है।

### लिवर और किडनी के लिए लाभ

नीम में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लामेटरी गुण भी होते हैं, जो ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करने में आपके लिए लाभकारी है, इससे लिवर और किडनी के स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। लिवर की विषाक्तता को कम करने और इससे संबंधित संक्रमण और बीमारियों के जोखिमों से बचाव के लिए भी नीम की पत्तियों के सेवन को शोधकर्ताओं ने लाभकारी पाया है।


### डायबिटीज रहता है कंट्रोल

अगर आपका अक्सर ब्लड शुगर बढ़ा हुआ रहता है तो आप नीम के सेवन से लाभ पा सकते हैं। पशुओं पर किए गए अध्ययनों से संकेत मिलता है कि नीम की पत्ती का अर्क मधुमेह की नई दवाओं के लिए एक भी एक नया अवयव हो सकता है। नीम का अर्क उन कोशिकाओं को पुनर्जीवित करने में मददगार पाया गया है जो इंसुलिन का उत्पादन करती हैं। हालांकि मानवों पर इसके अध्ययन का अभाव है।





## भोजन के दौरान पानी पहले पीएं या बाद में, जानिए जरूर



क्या आप भी खाना खाने के दौरान या खाना खाने के तुरंत बाद ही पानी पी लेते हैं? अगर हां, तो एक्सपर्ट से जानिए ऐसा करना कितना सही है। सेहतमंद रहने के लिए खाना और पानी दोनों ही जरूरी है। अक्सर खाने के टेबल पर पानी का गिलास हमारे सामने ही रहता है, या तो हम खाने के बीच-बीच में पानी पीते रहते हैं या खाना खत्म करते ही तुरंत गिलास भर के पानी पी लेते हैं। हममे से कई लोगों की यही आदत है। खाना खत्म हुआ नहीं कि हाथ पानी के गिलास की तरफ बढ़ जाता है। लेकिन क्या आपको मालूम है कि ऐसा करने से आपको नुकसान हो सकता है। आयुर्वेद में खाना खाने के बाद या बीच-बीच मे पानी पीना बहुत ही गलत बताया गया है। वहीं एक्सपर्ट भी इससे बचने की सलाह देते हैं। अब आपके मन में सवाल होगा कि आखिर इससे क्या नुकसान हो सकते हैं। तो आइए इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं। डायटीशियन प्रियंका जायसवाल इस बारे में जानकारी दे रही हैं।

### तुरंत बाद पानी क्यों नहीं पीना चाहिए?

खाना खाने के बाद तुरंत पानी पीने से पाचन तंत्र को



काफी नुकसान हो सकता है। एक्सपर्ट कहती हैं कि खाना पचने में करीब 2 घंटे का वक्त लगता है, जब खाना पच रहा होता है तो शरीर में ठोस और तरल पदार्थ का एक रेशियो बना होता है लेकिन अचानक से जब हम पानी पी लेते हैं तो ये रेशियो गड़बड़ा जाता है और खाना पचने वाला वक्त बढ़ जाता है। इसके अलावा खाना पचाने वाले जो एंजाइम होते हैं वो ज्यादा लिक्विड के कारण अपना काम ठीक से नहीं कर पाते हैं और ये लिक्विड हमारे डाइजेशन (पाचन तंत्र को हेल्दी रखने के उपाय) को नुकसान पहुंचाता है। वहीं जब खाना पच रहा होता है तो कुछ पोषक तत्व शरीर द्वारा अवशोषित कर लिए जाते हैं, लेकिन पानी पीने से ये प्रक्रिया बाधित होती है और बहुत कम पोषक तत्व शरीर अवशोषित कर पाता है।

### तुरंत पानी पीने से क्या-क्या नुकसान

तुरंत पानी पीने से आप मोटापे का शिकार हो सकते हैं। पाचन की क्रिया प्रभावित होती है तो शरीर में बिना पचा हुआ खाना भी रह जाता है जो बाद में फैट में बदल जाता है। इससे ब्लड शुगर लेवल की मात्रा बढ़ सकती है। इस स्थिति में डायबिटीज होने का खतरा बना रहता है। अपच,गैस और ब्लोटिंग(बलोटिंग से आराम पाने का नुस्खा) की समस्या भी हो सकती है।

### कितनी देर बाद पानी पीना सही है?

एक्सपर्ट कहती हैं कि खाना खाने के एक घंटा पहले और खाना खाने के 30 से 45 मिनट बाद पानी पीना फायदेमंद होता है। खाना खाने से पहले पानी पीने से आप ओवरईटिंग से बचते हैं। साथ ही इससे शरीर भोजन के पोषक तत्वों को अवशोषित कर सकता है । हालांकि अगर आपको भोजन के दौरान पानी पीने की जरूरत महसूस होती है तो एक या दो घूंट पानी पिया जा सकता है जिससे खाना निगलने में आपको मदद मिले।



## मूलांक 1 वाले जरूर पहनें इन रंगों के वस्त्र, जीवन में मिलेगी सफलता

मूलांक 1 वाले जातक 1, 10, 19 या 28 तारीख को जन्म लेते हैं। अंक ज्योतिष के अनुसार, इनकी ग्रह-नक्षत्रों पर सूर्य का प्रभाव होता है। मूलांक 1 वाले जातक सूर्य ग्रह से प्रभावित होते हैं। इनकी कुंडली में सूर्य ग्रह की स्थिति मजबूत होती है, जिसके फलस्वरूप इनके जीवन में अनेक सकारात्मक गुण देखने को मिलते हैं। मूलांक 1 वाले जातक आत्मविश्वास से भरपूर होते हैं। इनमें नेतृत्व क्षमता कूट-कूटकर भरी होती है। ये लोग स्वतंत्र चरित्र के धनी होते हैं। इन्हें किसी पर निर्भर रहना पसंद नहीं होता है। ये लोग निर्णायक और साहसी होते हैं। ये किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं। इनमें रचनात्मकता कूट-कूटकर भरी होती है। ये लोग हर काम को रचनात्मक तरीके से करना पसंद करते हैं। मूलांक 1 वाले जातक जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सदैव प्रयासरत रहते हैं। अब ऐसे में मूलांक 1 वाले जातकों के लिए कौन सा रंग शुभ है। इन्हें किस रंग का वस्त्र पहनना शुभ माना जाता है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

### मूलांक 1 वाले पहनें पीले रंग का वस्त्र

यह रंग आत्मविश्वास, ऊर्जा, रचनात्मकता और सफलता का प्रतीक है। मूलांक 1 वाले लोग स्वाभाविक रूप से नेता होते हैं, और पीला रंग उनके नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। इसलिए मूलांक 1 वाले जातक पीले रंग के वस्त्र पहनें।

### मूलांक 1 वाले पहनें सुनहरे रंग का वस्त्र



मूलांक 1 वाले सुनहरे रंग के वस्त्र पहनें। यह रंग समृद्धि और आध्यात्मिकता का प्रतीक है। मूलांक 1 वाले लोग महत्वाकांक्षी होते हैं, और सुनहरा रंग उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। साथ ही जातक को जीवन में हमेशा सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

### मूलांक 1 वाले पहनें नारंगी रंग के वस्त्र

मूलांक 1 वाले नारंगी रंग के वस्त्र जरूर पहनें। यह रंग उत्साह, जोश और साहस का प्रतीक है। मूलांक 1 वाले लोग ऊर्जावान होते हैं, और नारंगी रंग उन्हें अपनी ऊर्जा को बनाए रखने में मदद कर सकता है।

### मूलांक 1 वाले न पहनें काला रंग के वस्त्र

मूलांक 1 वाले काले रंग के वस्त्र भूलकर भी न पहनें। यह रंग नकारात्मकता, रहस्य और अंधेरे का प्रतीक है। मूलांक 1 वाले लोगों को काले रंग से बचना चाहिए, क्योंकि यह उनकी ऊर्जा को कम कर सकता है।

## ग्रेवी में डालने के बाद दही को कैसे रखें सही



मान लीजिए आपके पास टमाटर एकदम ही खत्म हो गए हैं, तब तो ग्रेवी बनाना ज्यादा मुश्किल हो जाता है। मजबूरन हमें दही का इस्तेमाल करना पड़ता है। मगर अब आपको मजबूरी में दही का इस्तेमाल करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि आज हम आपको कुछ ऐसे हैक्स बता रहे हैं। इनकी मदद से दही को फटने से बचा सकते हैं। खास बात यह है कि ये हैक्स हमारे नहीं है, बल्कि शेफ पंकज भदौरिया के द्वारा बताए गए हैं।

शेफ पंकज बताती हैं कि दही को ग्रेवी, सालन में डालने से पहले अच्छी तरह से फेंट लें और फेंटने के बाद ही इस्तेमाल करें। इसके लिए दही को एक बाउल में निकाल लें और चम्मच की मदद से फेंट लें। फेंटने के लिए आप मिक्सर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे दही बहुत कम वक्त में मेल्ट हो जाएगा और आपका समय भी बचेगा। शायद यह बहुत कम लोगों को मालूम होगा कि दही को ग्रेवी में हमेशा हल्की आंच करके डालना चाहिए। अगर ऐसा नहीं किया जाता, तो दही फट सकता है और मेहनत बेकार हो सकती है। इसलिए दही डालते वक्त या तो गैस हल्की कर दें या बिल्कुल बंद कर दें।

इस बात का ध्यान रखें कि दही ज्यादा ठंडा ना हो, क्योंकि ठंडा-गर्म मिलने से भी मामला खराब हो जाता है। इसलिए फ्रिज से दही निकालने के बाद नॉर्मल होने दें और फिर ग्रेवी में डालें। दही डालने के बाद ग्रेवी को लगातार चलाते रहें, लगातार चलाने से दही एकदम सेट हो जाएगा और स्वाद खराब भी नहीं होगा। आपको तबतक चलाना है, जबतब एक उबाल ना जाए। एक उबाल आने के बाद चलाना बंद कर सकते हैं। वहीं, अगर हर बार ग्रेवी में दही मिक्स करने के बाद आपकी दही फट जाती है तो ऐसे में उसमें कॉर्नस्टार्च मिक्स करना एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है। (कॉर्नस्टार्च के बारे में कितना जानती हैं आप) कॉर्नस्टार्च डालने से दही स्टेबलाइज हो जाता है, जिससे फटने का डर काफी कम हो जाता है।

कार्नर न्यूज

## राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के चौथे दिनभी हुए विभिन्न राज्यों के शानदार प्रदर्शन

# एथलीट ने शरीर को साधने के साथ मन की एकाग्रता का किया हैरतअंगेज प्रदर्शन

**भिलाई।** अग्रसेन भवन, सेक्टर-6, भिलाई में आयोजित राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के चौथे और अंतिम दिन रविवार को प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट योगाभ्यास प्रस्तुत कर दर्शकों के साथ-साथ अतिथियों को भी रोमांचित कर दिया। इस दौरान विभिन्न राज्यों से आए प्रतियोगियों ने पारंपरिक एवं नवीन योगासनों का प्रदर्शन कर न केवल अपनी योग साधना का परिचय दिया बल्कि दर्शकों को भी योग के महत्व से अवगत कराया। चौथे दिन के योग प्रदर्शन के दौरान मुख्य अतिथि योगासन भारत के अध्यक्ष उदित सेठ ने अपने उद्बोधन में कहा कि योगासन भारत संस्थान योग में और अधिक से अधिक पारदर्शिता लाने और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर इसके व्यापक प्रचार प्रसार हेतु निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि योग न सिर्फ स्वस्थ जीवनशैली की ओर अग्रसर करता हैं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की योग परंपरा को सशक्त भी बनाता हैं। इस अवसर पर उदित सेठ ने प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गोस्वामी जयंत विष्णु भारती, सरंक्षक अनूप बंसल और सचिव डॉ.मेजर सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया। चौथे दिन की प्रतियोगिता देर शाम तक चलती रही।



इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि योगासन भारत के उपाध्यक्ष संजय मालपानी थे। अध्यक्षता सांसद विजय बघेल ने की। वहीं विशेष तौर पर संभाग आयुक्त दुर्ग सत्यनारायण राठौर, चौकसे ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.आशीष जायसवाल, धनलक्ष्मी डायरेक्टर डॉ. लक्ष्मी प्रसाद अनंत, योगासन सरगुजा के अशोक जायसवाल और समाज सेवी चतुर्भुज राठी भी मौजूद थे। अतिथियों ने विभिन्न राज्यों से आए एथलीट के प्रदर्शन को देखा और भरपूर सराहना की।

### आखिरी दिन संतुलन में दिखाई महारत, मिली वाहवाही

चौथे और आखिरी दिन देश के विभिन्न राज्यों के एथलीट ने संतुलन साधने में अपने योग कौशल का प्रदर्शन किया। इनमें लेग बैलेंस व्यक्तिगत में प्रदीप्ता कुमार मोहापात्रा आल इंडिया पुलिस स्वर्ण पदक, सुधांशु शेखर बिहार रजत पदक, फॉरवर्ड बैंड व्यक्तिगत में दलीप सिंह चंडीगढ़ स्वर्ण पदक, अर्णव हरियाणा रजत पदक और ध्रुव पोखरियाल उत्तराखंड को कांस्य पदक प्रदान किया गया। वहीं सीनियर वर्ग से आर्टिस्टिक ग्रुप में अर्जुन परमार राजस्थान, वैभव महाराष्ट्र,रोहित हरियाणा, दलीप सिंह चंडीगढ़ ने भाग लिया। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान सभागार में दर्शक प्रतिभागियों के प्रदर्शन को देखकर रोमांचित हुए।

### गर्ग ने किया खिलाड़ियों को सम्मानित

प्रतियोगिता के तीसरे दिन 13 सितंबर को पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों का प्रदर्शन देखा। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टीवी शो 'वैंपायर डायरीज' की नीना दोब्रेव ने तोड़ी सगाई

टीवी शो 'वैंपायर डायरीज में एलना का रोल निभाने वाली एक्ट्रेस नीना दोब्रेव की सगाई टूटने की चर्चा है। रिपोर्ट के अनुसार पांच साल की डेटिंग और



एक साल की सगाई के बाद नीना ने अपने मंगेतर से अगल होने का फैसला लिया है।

नीना दोब्रेव ने साल 2024 में एक मशहूर स्नोबोर्डर शॉन व्हाइट से सगाई की थी। इससे पहले दोनों पांच साल तक रिलेशन में भी रहे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार और नीना दोब्रेव और शॉन व्हाइट की राहें अब जुदा हो चुकी हैं। एक्ट्रेस से जुड़े एक करीब सूत्र का कहना है कि यह फैसला दोनों ने आपसी सहमति से लिया है।

नीना दोब्रेव और शॉन व्हाइट के रिश्ते में दूरी आ चुकी है, इस बात की अटकलें पिछले कुछ समय से लगने लगी थीं। दरअसल, नीना टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में 7 सितंबर को अपनी 5 कैरेट की डायमंड रिंग के बगैर नजर आईं। अंगूठी एक्ट्रेस ने नहीं पहनी थी। साथ ही उन्होंने पिछले साल की सगाई की अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट को भी अनपिन कर दिया था, वरना यह पोस्ट हमेशा उनके इंस्टाग्राम पेज पर सबसे ऊपर नजर आती थी। इन्हीं बातों ने नीना दोब्रेव के रिश्ते में आ चुकी दूरी को हवा दी।

नीना डोब्रेव और शॉन व्हाइट की मुलाकात साल 2012 में एक अवार्ड शो के दौरान हुई। फिर दोनों साल 2019 में एक इवेंट में मिले। इसके बाद दोनों करीब आए और कोविड से पहले साथ भी रहने लगे। साल 2020 में दोनों ने अपने रिश्ते को पब्लिक किया। साल 2024 में दोनों ने सगाई कर ली।

### टॉलीवुड

## तेजा की फिल्म में प्रभास ने लूटी महफिल, विजुअल्स देख हैरान दर्शक बोले- शानदार

तेजा सज्जा की फिल्म 'मिराय' आज रिलीज हो चुकी है। फिल्म रिलीज होते ही लोग इसे पसंद भी कर रहे हैं। 'हनु मान' के बाद अब तेजा सज्जा की नई फिल्म 'मिराय' सिनेमाघरों में



रिलीज हुई है। एक बार फिर मायथोलॉजी को आज के वक्त से जोड़ा गया है। फिल्म में कई कैमियो भी हैं। अब फिल्म देखकर लोग अपनी प्रतिक्रियाएं भी दे रहे हैं। 'मिराय' देखकर लौटे अधिकांश दर्शक फिल्म के विजुअल्स की तारीफ कर रहे हैं। उनका कहना है कि फिल्म के कई सीन रोंगटे खड़े कर देने वाले हैं। एक यूजर ने फिल्म के फर्स्ट हाफ को शानदार और सेकंड हाफ को एक्स्ट्रा ऑर्डनरी बताया है। साथ ही फिल्म के वीएफएक्स और बैकग्राउंड म्यूजिक की भी तारीफ की जा रही है। एक अन्य यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए 'मिराय' को एक मनोरंजक फिल्म बताया है। यूजर ने लिखा, 'दमदार कहानी, शानदार एडिटिंग, और सिर्फ 3-4 मिनट में ही प्रभास की आवाज एक गहरा प्रभाव छोड़ जाती है। रोंगटे खड़े कर देने वाली फिल्म। हालांकि, सोशल मीडिया पर प्रभास की एक फोटो भी चल रही है, जिसमें थिएटर की स्क्रीन पर प्रभास को भगवान राम के किरदार में दिखाया गया है। इस तस्वीर में प्रभास की सिर्फ एक आंख दिख रही है। हालांकि, फिल्म में प्रभास का कोई सीन नहीं दिखा, सिवाय वॉइस ओवर के। ऐसे में यह तस्वीर प्रमाणिक है या नहीं, ये कहा नहीं जा सकता। एक दर्शक ने फिल्म को एक अच्छा पैकेज बताते हुए कहा कि सेकंड हाफ थोड़ा धीमा है लेकिन अंत शानदार है। वीएफएक्स को अच्छा बताते हुए बैकग्राउंड म्यूजिक को औसत बताया है। हालांकि, यूजर ने तेजा सज्जा को अपनी एक्टिंग पर और भी काम करने की सलाह दी है। जबकि कई दर्शकों ने तेजा सज्जा और मांचू मनोज दोनों के ही काम की तारीफ की है। साथ ही श्रेया सरन को फैबुलस बताया है।

### भोजपुरी

## बॉलीवुड में गूंज उठी खेसारी की आवाज, पहले हिंदी गाने पर धड़ाधड़ हो रही व्यूज

खेसाली लाल यादव भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार हैं। उनके अभिनय और अ दा का री दोनों का हल्ला बोलता है। अब उ न्हों ने बॉलीवुड में कदम रखा है।



हालांकि, आगाज बतौर सिंगर किया है और पहला गाना है 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का 'पनवाड़ी'। यह गाना ट्रेंड कर रहा है। भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह के बाद खेसारी लाल यादव ने भी बॉलीवुड में दस्तक दे दी है। उन्होंने वरुण धवन और जान्हवी कपूर अभिनीत फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का 'पनवाड़ी' गाना गाया है। इस गाने पर फैंस दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं और 24 घंटे से भी कम वक्त में गाने को तीन मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' अक्तूबर में रिलीज होगी। इसमें जान्हवी कपूर, वरुण धवन के अलावा रोहित सराफ और सान्या मल्होत्रा भी अहम भूमिका में हैं। 'पनवाड़ी' गाना इन्हीं चारों पर फिल्माया गया है। गाना कल बुधवार को पैनोरमा म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ था। इस पर लाइक्स और व्यूज की खूब बौछार हो रही है। 'पनवाड़ी' गाना जितनी खूबसूरती से गाया गया है, उतनी ही खूबसूरती से फिल्माया भी गया है। गाना खेसारी लाल यादव, मासूम शर्मा, देव नेगी, प्रीतम और निकिता गांधी ने गाया है। गाने को अब तक 34,11,365 व्यूज मिल चुके हैं। इस गाने पर खेसारी के फैंस की दिलचस्प प्रतिक्रिया आ रही है।

लाइफ स्टाइल

## ब्रेडेड हेयरस्टाइल



ब्रेडेड हेयरस्टाइल हमेशा फैशन में बने रहती है। एक ऐसी हेयर स्टाइल जो, आपको प्रभावित करने और आपको सुर्खियों में लाने में कभी असफल नहीं होती। यह आपके बालों को नुकसान से बचाती हैं और रोज़ाना स्टाइलिंग में लगने वाले समय की भी बचत करती हैं। ब्रेड स्टाइल की सबसे अच्छी बात यह है कि इसके विकल्प अनगिनत हैं! आप बेसिक कॉर्नरोज़ या कर्ली ब्रेड्स ट्राई कर सकती हैं, लेकिन आपको अपने लुक में यह बोहो टच हमेशा पसंद आएगा! वोग वोकल को यह क्लासिक ट्रेंड बहुत पसंद है और आधुनिक डायसन स्टाइल वाले बालों के बीच, यह हमेशा बेहद स्टाइलिश रहेगा।


## खीरा करेगा सन टैन को दूर, निखर उठेगा रूप

सन टैन एक ऐसी समस्या है, जिसका सामना हम सभी ने कभी ना कभी किया ही है। जब किसी को सन टैन की समस्या होती है जो इससे स्किन में जलन, इरिटेशन व दर्द की समस्या हो सकती है। यूं तो सन टैन की समस्या को दूर करने के लिए मार्केट में कई तरह की क्रीम्स मिलती हैं, लेकिन अगर आप चाहें तो नेचुरल तरीके से भी अपनी स्किन को राहत पहुंचा सकती हैं।

इसमें खीरा आपके काफी काम आ सकता है। यूं तो खीरे का उपयोग टैनिंग को दूर करने के लिए नहीं किया जाता है, लेकिन खीरे के सूदिंग और हाइड्रेटिंग गुण यकीनन आपके लिए मददगार हो सकते हैं। खीरे का उपयोग धूप के कारण होने वाली जलन की परेशानी को कम करने और अत्यधिक धूप के प्रभाव को कम करने के लिए किया जा सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको सन टैन को दूर करने के लिए खीरे का इस्तेमाल करने के कुछ तरीकों के बारे में बता रहे हैं-

खीरे और गुलाब जल का करें इस्तेमाल

सन टैन होने पर स्किन को ठंडक की काफी जरूरत होती है। ऐसे में खीरे और गुलाब जल को मिक्स करके इस्तेमाल करना अच्छा विचार है। सन टैन को रिमूव करने के लिए सबसे पहले खीरे को कद्दूकस करें और उसका रस निकाल लें। अब एक चम्मच गुलाब जल (घर पर कैसे बनाएं गुलाब जल) और खीरे का रस डालकर मिक्स करें। अब आप कॉटन बॉल की मदद से इसे स्किन पर लगाएं। थोड़ी देर तक इसे ऐसे ही रहने दें और फिर उसे ठंडे पानी से धो लें। इससे यकीनन आपको काफी अच्छा लगेगा।



### खीरे और नींबू के रस का करें इस्तेमाल

खीरे के साथ नींबू के रस का इस्तेमाल करने से भी सन टैन को दूर किया जा सकता है। नींबू में मौजूद विटामिन एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है। साथ ही, इसमें मौजूद एसिड स्किन से सन टैन को हटाता है। सबसे पहले आप खीरे को कद्दूकस करके उसका रस निकाल लें। अब इसमें थोड़ा सा नींबू का रस निचोड़ें और फिर उसे मिक्स करें। अब आप एक कॉटन बॉल की मदद से इसे स्किन पर लगाएं। कुछ देर तक ऐसे ही छोड़ दें और फिर स्किन को साफ करें। अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो ऐसे में आप नींबू के रस की जगह टमाटर के रस का इस्तेमाल करें।

## खास दिखने साड़ी के साथ ऐसे करें ब्लाउज को स्टाइल



साड़ी फैशन आजकल चलन में है और साड़ी के साथ मैचिंग ब्लाउज को पहना जाता है। आए दिन फैशन ट्रेंड तेजी के साथ बदल रहा है और कुछ नया मार्केट में देखने को नजर आ रहा है। ऐसे में साड़ी का चलन कभी भी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है और इसे तरह-तरह से स्टाइल किया जाता है। सेलेब्रिटी लुक की बात करें तो आजकल एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के साड़ी डिजाइंस आजकल काफी चलन में है। तो चलिए देखते हैं एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के कुछ स्टाइलिश ब्लाउज डिजाइंस, जिन्हें आप आसानी से पहनकर अपने साड़ी लुक को खास बना सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।



### टर्टल नेक ब्लाउज

अगर आप बंद गले के ब्लाउज पहनना पसंद करती हैं तो इस तरह के गले से लगे हुए टर्टल नेक ब्लाउज डिजाइन को आप पहन सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज के साथ आप स्लीवलेस बाजू बनवाएं। साथ ही आप ज्वेलरी को स्किप भी कर सकती हैं।



### ब्रालेट ब्लाउज डिजाइन

बोल्ड और मॉडर्न लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह का ब्रालेट डिजाइन का ब्लाउज आपके लुक को आकर्षक बनाने में मदद करेगा। इस तरीके के हैवी वर्क वाले ब्लाउज आपको मार्केट में रेडीमेड भी आसानी से मिल जाएंगे। ऐसा पर्ल या बीड्स डिजाइन खासकर पेस्टल कलर की साड़ी के साथ खूबसूरत नजर आता है।

### राउंड नेक ब्लाउज डिजाइन

सिंपल डिजाइन वाले नेक लाइन पहनना पसंद करती हैं तो इस तरीके के गोल गले वाले ब्लाउज आपके लुक को खास बनाने में मदद करेंगे। इस तरीके की नेक लाइन आप सिल्क साड़ी के साथ ट्राई करें।

## प्याज का रस बालों में लगाने से पहले इन बातों का रखें ख्याल

प्याज का रस बालों में लगाने से आपको कई फायदे मिल सकते हैं। जब इसका इस्तेमाल बालों में किया जाता है तो बालों को पोषण देने और उसे झड़ने से रोकने में मदद मिलती है। यह सच है कि प्याज का रस बालों के लिए लाभदायक है। लेकिन इसे इस्तेमाल करते समय आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसी ही कुछ बातों के बारे में बता रहे हैं-

### जरूर करें डायलूट

प्याज का रस बालों व स्कैल्प के लिए बेहद ही लाभकारी है। लेकिन इसे सही तरह से इस्तेमाल करना जरूरी होता है। हमेशा ध्यान रखें कि आप इसे डायलूट करके ही अपने बालों में इस्तेमाल करें। आाप एक भाग प्याज का रस (प्याज के रस से बालों की ग्रोथ कैसे करें) और दो से तीन भाग तेल डालकर मिक्स करें। इसके बाद ही आप प्याज का रस बालों में लगाएं। आप प्याज के रस में नारियल तेल या जैतून तेल मिक्स कर सकते हैं।



### करें पैच टेस्ट

अगर आप पहली बार प्याज का रस अपनी स्कैल्प पर लगा रही हैं तो यह बेहद जरूरी है कि आप एक बार पैच टेस्ट जरूर करें। इससे आपको किसी भी तरह के एलर्जिक रिएक्शन और स्किन सेंसेटिविटी के बारे में पता चलेगा। एक बार प्याज का रस एक छोटे से एरिया पर लगाने के बाद आप कम से कम 24 घंटे इंतजार करें जिससे कि कोई नेगेटिव रिएक्शन न हो। अगर आप चाहती हैं कि प्याज का रस इस्तेमाल करने से आपको मैक्सिमम लाभ मिले, तो हमेशा फ्रेश प्याज के रस का ही इस्तेमाल करें।

## मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करते समय नहीं करनी चाहिए ये छोटी-छोटी गलतियां


मेकअप करते हुए हम कई तरह के प्रोडक्ट्स व टूल्स का इस्तेमाल करते हैं और इनमें से एक है मेकअप स्पॉन्ज। यह एक ऐसा टूल है, जिसकी मदद से आप अपने मेकअप प्रोडक्ट्स को अपनी स्किन पर बेहतर तरीके से अप्लाई कर पाती हैं। इतना ही नहीं, यह आपके महंगे व ब्रांडेड प्रोडक्ट्स को वेस्ट होने से भी रोकता है।

### मेकअप स्पॉन्ज को पहले सोक ना करना

जब आप मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करते हैं तो उसे पहले सोक करना जरूरी होता है। स्पॉन्ज को सोक करने से उस पर लगे मेकअप को लूज करने में मदद मिलती है और वह अधिक बेहतर तरीके से क्लीन होता है। हालांकि, कई बार हम मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करने से पहले उसे सोक नहीं करते हैं। जिससे वह उतना अच्छी तरह क्लीन नहीं हो पाते हैं।

### हार्श क्लींजर का इस्तेमाल करना

मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करते समय क्लींजर की जरूरत पड़ती है। लेकिन आप किस तरह के क्लींजर



(रूखी स्किन के लिए होममेड क्लींजर) का इस्तेमाल कर रहे हैं, इसका आपको ख्याल रखना चाहिए। कई बार हम हार्श साबुन या डिश डिटर्जेंट आदि का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन ऐसा करने से मेकअप स्पॉन्ज बहुत ही जल्दी खराब हो जाता है। इतना ही नहीं, इस तरह के हार्श क्लींजर आपकी स्किन को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके लिए किसी जेंटल और फ्रेगरेंस फ्री स्पॉन्ज क्लीनर से ही मेकअप स्पॉन्ज को साफ करें।

कार्नर न्यूज

### बूट्स पहनने के जरूरी नियम अपनाकर दिखें सबसे अलग

## बूट्स से दमदार दिखता है आपका व्यक्तित्व, जींस के साथ मैचिंग के दौरान अपनाएं जरूरी टिप्स

बूट्स पहनना कोई कठिन काम नहीं है। क्योंकि मुझे बूट्स बहुत पसंद हैं। शायद आप भी यही बात कहें। बूट्स पहनने वाले पुरुषों का एक दमदार रूआब दिखता है। मगर ये बात आपके बूट्स पहनने के तरीके पर निर्भर करती है। अगर सही ढंग से नहीं पहने तो मजाक भी उड़ सकता है। इसलिए सामान्य जूतों की तुलना में बूट्स को कैरी करना थोड़ा पेचीदा है। लेकिन नामुमकिन नहीं। जिस तरह आप जूते पहनने की गलती को समझ गए हैं, वैसे ही अब बूट्स पहनने के नियम जान लें। ताकि आप किसी प्रकार की फैशन मिस्टेक न करें। इसके बाद आप भी बूट्स में धांसू नजर आ सकेंगे।

बूट्स भी एक नहीं स्टाइल-डिजाइन और कलर के आधार पर कई प्रकार के होते हैं। यहां पर आपको कुछ कॉमन बूट्स के बारे में बता देता हूं- कॉमबेट बूट्स, लेस अप बूट्स, एंकल बूट्स, बाइकर बूट्स,चेल्सा बूट्स और टिंबरलैंड बूट्स कई बूट्स वजन के आधार पर भी निर्भर करते हैं। उनको आप वेट के आधार पर बांट सकते हैं। जैसे हैवी बूट्स और लो वेट बूट्स



### कब पहने बूट्स

जब मन किया और जिसके साथ मन किया, उसके साथ बूट्स को नहीं पहन सकते हैं। कभी भी बूट्स को फॉर्मल ड्रेस के साथ पहनने की गलती न करें। साथ ही एथनिक ड्रेस के साथ भी न पहनें। इसे फैशन मिस्टेक माना जाता है। इसलिए बाइकिंग यानी ट्रैवलिंग के दौरान बूट्स को पहनकर जा सकते हैं। इसके लिए बाइकर बूट्स सही माने जाते हैं।

### परफेक्ट साइज की पहने पैंट

बूट्स पहनने वालों को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए। बूट्स के साथ परफेक्ट साइज और लेंथ वाली पैंट ही पहनें। कभी भी बूट्स के साथ एंकल पैंट न पहनें और न ही बहुत लंबी पैंट पहननी चाहिए। ऐसी पैंट पहने, जो कि आपके बूट्स के ऊपरी हिस्से को कवर कर सके।

### जींस की लेंथ को मोड़कर पहनें

कई बार हमारी जींस की लेंथ लंबी होती है। इस लेंथ वाली जींस को आप स्नीकर्स या किसी अन्य शूज के साथ पहन सकते हैं। लेकिन बूट्स पहनने का नियम कहता है कि जींस की लेंथ को मोड़ दें। एक या दो बार लेंथ को फोल्ड कर देने से बूट्स का लुक निखरकर आता है।

### सही रंग के बूट्स पहनें

बूट्स भी जूतों की तरह कई रंग के मिलते हैं। मगर शूज का कलर मैचिंग करें। किसी भी तरह की ड्रेस के साथ किसी भी रंग के बूट्स को नहीं पहन सकते। अगर ज्यादा कंफ्यूजन हो रहा है तो कॉमन कलर के बूट्स (काला, भूरा, मरून) लें। इनको आप अधिकतर ड्रेस के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं।

### बूट्स और मोजों की मैचिंग

आपने देखा होगा या खुद कभी न कभी ये गलती कर दी होगी। पुरुष मोजे पहनते समय गलती करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। इसलिए ध्यान रहे कि बूट्स के साथ हमेशा एंकल लेंथ वाले मोजे पहनें। ऐसे सॉक्स न पहने, जो कि जूते से बाहर दिखाई पड़े।

